शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 233 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 22 मार्च, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

अरुणाचल भारत का ही हिस्सा : अमेरिका पेज 2
लोस चुनाव-24 में कांग्रेस के साथ हमारा कोई मुकाबला नहीं : रंजीत पेज 3
भारतीय संविधान को मजबूत करने में लोकतंत्र सेनानियों का अहम... पेज 5
भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार, अनुराग ठाकुर ने फिर भरी हुंकार पेज 7

## केजरीवाल गिरफ्तार

### दिल्ली शराब घोटाले में ईडी का बड़ा एक्शन



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले ईडी की टीम ने केजरीवाल से दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मामले में उनके आवास पर पूछताछ की। ईडी की एक टीम अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंची। हाईकोर्ट द्वारा केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग में दंडात्मक कार्रवाई से राहत प्रदान करने से इनकार के ठीक बाद ईडी की टीम उनके आवास पर पहुंची। केजरीवाल ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस बीच अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केजरीवाल की लीगल टीम कल सुबह सुप्रीम कोर्ट में पूरे दस्तावेज के साथ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। वहीं, दिल्ली विधानसभा के स्पीकर राम निवास गोयल ने कहा है कि गिरफ्तारी के बाद भी अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। इसका सीधा मतलब है कि अरविंद केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाएंगे। गोयल ने कहा कि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल का कहना है कि यह सभी जानते हैं कि मनीष सिसौदिया को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन कुछ पता नहीं चला। अब तक 600 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वे चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल की आवाज को दबाना चाहते हैं, और इसलिए वे उसे गिरफ्तार करना चाहते हैं। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम उनके आवास पर तलाशी लेने पहुंची और उन्हें आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में जांच में शामिल होने के लिए समन सौंपा। उन्होंने कहा कि ईडी की छह सदस्यीय टीम, दिल्ली पुलिस के कर्मियों साथ राष्ट्रीय राजधानी में फ्लैगस्टाफ रोड स्थित केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर पहुंची। केजरीवाल के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पर आम आदमी पार्टी (आप) ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दंडात्मक कार्रवाई से राहत प्रदान करने से इनकार कर दिया। इस बीच, केजरीवाल ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। ईडी टीम के पहुंचने के तुरंत बाद केजरीवाल के आवास पर पहुंचे आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने संवाददाताओं से कहा कि ऐसा लगता है कि ईडी छापेमारी कर रही है। मुझे अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। ऐसा लग रहा है कि ईडी उन्हें गिरफ्तार करने वाली है। जैसे ही ईडी के अधिकारी केजरीवाल के -शेष पृष्ठ दो पर

## लोस चुनाव : ईसी ने पांच राज्यों के जिला प्रशासन में फेरबदल किया




**नई दिल्ली/गुवाहाटी।** लोकसभा चुनाव से पहले, भारतीय चुनाव आयोग ने चार राज्यों – गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में आठ गैर-कैडर एसपी/एसएसपी और पांच गैर-कैडर जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) का तबादला कर दिया है। इसके अलावा, आयोग ने इन राज्यों में निर्वाचित राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ पारिवारिक जुड़ाव के लिए पंजाब के एसएसपी को बठिंडा और असम के एसपी को शोणितपुर में स्थानांतरण का भी निर्देश दिया है। चुनाव निकाय के अनुसार, यह कार्रवाई आयोग के समर्पण और निष्पक्षता को बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के वादे का प्रदर्शन है। जिन अधिकारियों का तबादला किया गया उनमें गुजरात के छोटा उदयपुर और अहमदाबाद ग्रामीण जिलों के एसपी भी शामिल हैं; पंजाब में पठानकोट, फाजिल्का, जालंधर ग्रामीण और मलेरकोटला जिलों के एसएसपी; ढेंकनाल के डीएम और ओडिशा में देवगढ़ और कटक ग्रामीण जिलों के एसपी; और पश्चिम बंगाल में पूर्व मेदिनीपुर, झारग्राम, पूर्व वर्धमान और बीरभूम जिलों के डीएम भी शामिल हैं। इसके अलावा, पंजाब में बठिंडा के एसएसपी हरमनबीर सिंह गिल का तबादला कर दिया गया है, क्योंकि उनके भाई जसबीर सिंह गिल (उर्फ डिंपा) सांसद हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के भाई और एसपी शोणितपुर सुशांत विश्व शर्मा को भी पद से स्थानांतरित कर दिया गया है। 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले भी इसी कारण से सुशांत का तबादला किया गया था। एक बयान में चुनाव निकाय ने कहा कि इन दोनों अधिकारियों को प्रशासन के पक्षपाती होने या समझौता किए जाने की किसी भी आशंका को दूर करने के लिए एहतियाती उपायों के रूप में स्थानांतरित किया गया -शेष पृष्ठ दो पर

### राज्य में पहले चरण के लिए गुरुवार को कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया

**गुवाहाटी।** असम में पांच लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए गुरुवार को किसी भी उम्मीदवार द्वारा कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया। चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य में पहले चरण के मतदान के दौरान काजीरंगा, शोणितपुर, लखीमपुर, डिब्रूगढ़ और लखीमपुर निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। चुनाव आयोग ने -शेष पृष्ठ दो पर

## सीएम ने *वन नेशन वन राशन कार्ड* पहल की सराहना की




**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पूरे भारत में नागरिकों के जीवनयापन को आसान बनाने में इसकी भूमिका को उजागर करते हुए वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी) पहल की सराहना की है। हाल के एक ट्वीट में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने ओएनओआरसी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को देश में किसी भी उचित मूल्य की दुकान से मुफ्त राशन प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। 30 जून, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई ओएनओआरसी योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) -शेष पृष्ठ दो पर

## आईपीएल के दो मैच गुवाहाटी में खेलेगा राजस्थान रॉयल्स



**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम के खेल प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। अगले मई माह में गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल के दो मैच खेले जाएंगे। राजस्थान रॉयल्स के चेयरमैन (असम निवासी) रंजीत बरठाकुर ने आज इसकी घोषणा की। गौरतलब है कि कल से देश में 17वां आईपीएल शुरू होगा। इस बीच बोर्ड के सचिव जय शाह ने कहा है कि 17वें आईपीएल के सभी मैच भारत में ही होंगे। दूसरी ओर, आज रंजीत बरठाकुर ने भी पुष्टि की है कि राजस्थान रॉयल्स गुवाहाटी में दो-दो मैच खेलेगा। हालांकि, 5 और 16 मई को गुवाहाटी में मैच होना था लेकिन 7 मई को मतदान का दिन होने के कारण 5 मई के मैच को बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है फिर भी गुवाहाटी में होने वाले दोनों मैच मई में होंगे। असम के क्रिकेट प्रेमी चुनाव को लेकर चिंतित हैं कि इस बार गुवाहाटी में आईपीएल मैच होगा या नहीं। राजस्थान रॉयल्स असम की प्रिय टीम है। उन्होंने कहा कि हम किसी भी कारण से असम और पूर्वोत्तर के क्रिकेट प्रेमियों को आईपीएल मैचों के रोमांच से वंचित नहीं करेंगे। पिछली बार की तरह इस बार भी राजस्थान रॉयल्स एसीए के -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## जयपुर में जिंदा जले बिहार के एक ही परिवार के पांच सदस्य



**जयपुर (हि.स.)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के विश्वकर्मा थाना इलाके के जैसल्या गांव में एक घर में बुधवार देररात आग लग गई। आग की लपटों में झुलसे एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जान चली गई। मृतकों में तीन बच्चे और माता-पिता शामिल हैं। यह लोग बिहार के मधुबनी के रहने वाले थे। यह परिवार यहां किराये के घर पर रहता था। पुलिस ने हादसे की पुष्टि की है। सूचना मिलने पर पहुंचे दमकल विभाग के जवानों ने आग बुझाने के बाद शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को सवाई मानसिंह अस्पताल की मॉर्चरी में -शेष पृष्ठ दो पर

## गिरफ्तार आईएसआईएस के आतंकियों को एनआईए को सौंपा

### *खुफिया सूचना के आधार पर चलाया गया था अभियान : पार्थ सारथी*





**गुवाहाटी (हि.स.)।** धुबड़ी से बुधवार को गिरफ्तार आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकियों को पुलिस ने एनआईए की हिरासत में दे दिया गया है। यह जानकारी आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में असम पुलिस के आईजीपी (एसटीएफ) पार्थ सारथी महंत ने दी। आईजीपी (एसटीएफ) पार्थ सारथी महंत ने बताया कि उनके नेतृत्व में धुबड़ी पुलिस ने धर्मशाला इलाके से आईएसआईएस के दो आतंकियों को पकड़ने में सफलता हासिल की थी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 15 दिन पहले एक केंद्रीय एजेंसी से मिली विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया गया था। इस सूचना में धुबड़ी के धर्मशाला इलाके में आईएसआईएस आतंकियों की संभावित गतिविधियों का संकेत दिया गया था। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई कर संदिग्धों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए एक विशेष कार्य बल तैनात किया गया। उन्होंने बताया कि हमें 19 तारीख तक संदिग्धों की संभावित गतिविधियों के बारे में विशेष जानकारी मिलती रही थी। इसके बाद मैंने अतिरिक्त एसपी और एक एसटीएफ टीम के साथ से धुबड़ी के धर्मशाला के इलाके से -शेष पृष्ठ दो पर

### हम राहुल को गंभीरता से नहीं लेते : रिजिजू



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भाजपा के चुनावी संभावनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए बहुमत के साथ सत्ता में आएगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत 14 जनवरी को मणिपुर से की गई थी, वहीं इस यात्रा का समापन 16 जनवरी को मुंबई में हुआ था। इस यात्रा में करीबन 6,700 किमी की दूरी तय की गई है। मीडिया से बात करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी जहां भी गए, कांग्रेस वहां सीट हार गई। कोई भी उन्हें गंभीरता से नहीं लेता है। अगर वह चुनाव प्रचार से बचते हैं तो शायद देश -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## धार की ऐतिहासिक भोजशाला का एएसआई सर्वे आज से होगा शुरू



**भोपाल (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के धार जिला मुख्यालय पर स्थित ऐतिहासिक भोजशाला में ज्ञानवापी की तर्ज भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा सर्वे किया जाएगा। यह सर्वे शुक्रवार, 22 मार्च को शुरू होगा। इसके लिए केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने पत्र जारी कर जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी है। यह पत्र इंदौर कमिश्नर सहित कलेक्टर धार व एसपी धार को जारी किया गया है। इसमें सर्वे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए बंदोबस्त करने के लिए कहा गया है। इस पत्र में अधिकारियों ने सर्वे शुरू करने की बात कही है। पत्र मिलने के बाद गुरुवार को धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह प्रशासनिक टीम के साथ भोजशाला पहुंचे। उन्होंने पूरे -शेष पृष्ठ दो पर

### एसबीआई ने ईसी को मुहैया कराया इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा ब्योरा

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेंट बैंक (एसबीआई) ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर करके जानकारी दी कि चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा ब्योरा दे दिया गया है। एसबीआई के चेयरमैन ने बताया कि इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में 18 मार्च को आए आदेश का पालन किया। चुनाव आयोग को खरीदे गए और कैश कराए गए सभी बॉन्ड का पूरा ब्योरा उपलब्ध करवा दिया गया है। सभी बॉन्ड के नंबर भी बता दिए हैं।

## मोदी का परिवार-मोदी की गारंटी वाले विज्ञापनों पर चुनाव आयोग पहुंचा कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर वाले विज्ञापनों और *मोदी का परिवार* संबंधी प्रचार सामग्री के खिलाफ गुरुवार को निर्वाचन आयोग का रुख किया और उचित कार्रवाई की मांग की। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के समक्ष छह सूत्री विषय रखे और कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है। कांग्रेस के इस प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक और सलमान खुर्शीद तथा सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत शामिल थीं। निर्वाचन -शेष पृष्ठ दो पर

सुप्रभात
*समस्त कार्य पूर्व मंत्रणा से करने चाहिएं।*
– आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

#### पीएम मोदी के विकसित भारत मैसेज पर चुनाव आयोग सख्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा आम लोगों को भेजे जा रहे *विकसित भारत* टाइटल वाले वॉट्सऐप संदेश पर चुनाव आयोग ने सख्ती दिखाई है। चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को इसको लेकर एक नोटिस तक जारी कर दिया है। दरअसल, आयोग ने वॉट्सऐप पर विकसित भारत मैसेज की डिलीवरी तुरंत रोकने का निर्देश दिया है। मामले पर मंत्रालय से अनुपालन रिपोर्ट तत्काल मांगी गई है। आयोग को कई शिकायतें मिली थीं कि आम चुनाव 2024 की घोषणा और आदर्श -शेष पृष्ठ दो पर

## साजिश के तहत फ्रीज किया गया है पार्टी का अकाउंट : कांग्रेस



**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि एक साजिश के तहत पार्टी का अकाउंट फ्रीज किया गया है। इसकी वजह से कांग्रेस चुनाव के दौरान उस तरह से प्रचार प्रसार नहीं कर पा रही है जिस तरह से सत्ताधारी पार्टी कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आजादी के 70 साल बाद पहली बार चुनाव से ठीक एक माह पहले हमें -शेष पृष्ठ दो पर

### आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया : भाजपा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** मुख्य विपक्षी दल के बैंक खाते फ्रीज करने संबंधी कांग्रेस के आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को पलटवार किया। भाजपा ने राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। आयकर रिटर्न दाखिल न करने पर कांग्रेस के खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस -शेष पृष्ठ दो पर

## बदायूं हत्याकांड : पकड़ा गया जावेद किया चौंकाने वाला खुलासा



**बदायूं।** शहर की बाबा कालोनी में मंगलवार को हुई दो बच्चों की हत्या का राजफाश गुरुवार शाम को हो गया। मुख्य आरोपित साजिद को पुलिस पहले ही मुठभेड़ में मार चुकी थी। गुरुवार सुबह साजिद के भाई जावेद ने बरेली में सरेंडर किया था। इसके बाद उसे बदायूं लाया गया। जहां उसने पूछताछ में बेहद चौकाने वाली बातें बताई। जावेद ने पुलिस को बताया कि भाई साजिद की शादी को कई साल हो गए थे, लेकिन उसकी संतान नहीं हो रही थी। उसकी पत्नी के गर्भ में ही बच्चे मर जाते थे। जिससे वह दूसरों के बच्चों से नफरत करने लगा था। जावेद ने बताया कि वह मंगलवार को ही नया छुरा लाया था। उसके पूछने पर उसने बताया था कि रमजान बाद गोश्त काटने के लिए लाया है। शाम को भाई साजिद ने कहा कि चलो विनोद के घर होकर आते हैं। इसके बाद वह विनोद के घर गए। लेकिन वह बाहर ही खड़ा रहा और साजिद अंदर चला गया। कुछ देर बाद वह बाहर आया तो खून से सना हुआ था और हाथ में वही छुरा था। विनोद की पत्नी के चिल्लाने पर पता चला कि वह बच्चों को मार आया। इसके -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# अरुणाचल भारत का ही हिस्सा : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एक बार फि चीन को आइना दिखाते हुए कहा कि वह अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और वास्तविक नियंत्रण रेखा के आसपास क्षेत्रीय दावों के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से विरोध करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अरुणाचल यात्रा को लेकर चीनी सेना द्वारा राज्य पर अपना दावा दोहराए जाने के कुछ दिन बाद अमेरिका के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह बात कही। इस स्पताह की शुरुआत में, चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग शियाओगांग ने कहा था कि जिजांग (चीन ने तिब्बत को जो नाम दे रखा है) का दक्षिणी भाग चीन के भूभाग का एक अंतर्निहित हिस्सा है। अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत कहने वाला चीन इस राज्य में भारतीय नेताओं के दौरों का विरोध करता रहा है। बीजिंग ने इस क्षेत्र को जांगनान नाम भी दे रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने नौ मार्च को अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फुट की ऊंचाई पर निर्मित सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। यह सुरंग रणनीतिक रूप से स्थित तवांग तक हर मौसम में संपर्क प्रदान करेगी और सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों की बेहतर आवाजाही के लिए भी मददगार हो सकती है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बुधवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य या असैन्य घुसपैठ या अतिक्रमण के माध्यम से क्षेत्रीय दावे करने के किसी भी एकपक्षीय प्रयास का कड़ा विरोध करते हैं। भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है और कहा है कि राज्य देश का अभिन्न अंग है। भारत ने क्षेत्र को *मनगढ़ंत* नाम देने के बीजिंग के कदम को भी खारिज कर दिया है और कहा है कि इससे वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा था कि उसने चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हालिया बयानों का संज्ञान लिया है, जिनमें अरुणाचल प्रदेश के क्षेत्र पर *बेतुके दावे* किए गए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।

*सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को केंद्र ने किया आगाह, कहा-*

# विदेशी ऑनलाइन सट्टेबाजी का न करें विज्ञापन



**नई दिल्ली (हि.स.)।** ऑनलाइन सट्टेबाजी, जुआबाजी के विज्ञापन दिखाने वाले सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के लिए केंद्र सरकार ने चेतावनी जारी की है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया के सभी इंफ्लुएंसर और प्रभावशाली लोगों को सलाह जारी करते हुए ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफार्मों के प्रचार या विज्ञापन से बचने को कहा है। मंत्रालय ने कहा है कि इन विज्ञापनों का उपभोक्ताओं, विशेषकर युवाओं पर ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए का महत्वपूर्ण वित्तीय और सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पड़ता है। मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एडवाइजरी में चेतावनी दी गई है कि इसका अनुपालन न करने वाले सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-2019 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा सकती है। इसमें सोशल मीडिया पोस्ट या खातों को हटाना और लागू कानूनों के तहत दंडात्मक कार्रवाई शामिल है। आईटी अधिनियम-2000 की धारा 79 के तहत तीसरे पक्ष की जानकारी, डेटा या उनके द्वारा उपलब्ध या होस्ट किए गए संचार लिंक के लिए मध्यस्थों के दायित्व से छूट प्रदान करती है, वहीं धारा 79 की उपधारा (3)(बी) के अनुसार मध्यस्थों के दायित्व से छूट तब लागू नहीं होगी यदि उन्हें विज्ञापन, तीसरे पक्ष, डेटा के बारे में पूरी जानकारी हो और फिर भी उसे प्रसारित करे।

## मणिपुर पुलिस ने 283 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल (हिंस)।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया। अभियान में भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 283 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर 262 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर 244 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है।

# लोस चुनाव : उप्र से आएगा या नहीं गांधी परिवार, अभी तक संशय बरकरार



**लखनऊ (हिंस)।** लोकसभा प्रथम चरण का नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। चुनावी हलचल भी तेज है, लेकिन गांधी परिवार के उप्र में चुनाव लड़ने को लेकर संशय बरकरार है। उधर राज्यसभा सदस्य हो जाने के कारण रायबरेली से चुनाव न लड़ने की घोषणा पहले कर चुकी हैं। अमेठी या रायबरेली से चुनाव लड़ने की घोषणा न तो प्रियंका गांधी की तरफ से की गयी है और न ही राहुल गांधी की तरफ से। दूसरी तरफ पीलीभीत और सुलतानपुर में मेनका गांधी और वरूण गांधी के भी चुनाव लड़ने के लिए भाजपा ने अभी तक उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। पीलीभीत में चुनाव प्रथम चरण में होने हैं। वहां मेनका गांधी 1989 से 2004 तक लगातार पांच बार सासंद रहीं। पहली बार 2009 में उन्होंने अपने पुत्र वरूण गांधी के लिए पीलीभीत को छोड़ा। 2014 में फिर मेनका पीलीभीत से सासंद हुईं। इसके बाद 2019 में पुनः पुत्र के लिए पीलीभीत छोड़कर सुलतानपुर चलीं आयीं। 2017 के बाद से ही वरूण गांधी ने बगावती तेवर अख्तियार कर लिये। इससे भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता और प्रदेश स्तर से भी उनके खिलाफ आवाजें आ रही हैं। इसी कारण अभी तक भाजपा ने पीलीभीत से अपने पत्ते नहीं खोले। हालांकि वरूण गांधी ने नामांकन के लिए पर्चा मंगवा लिया है। अब उनके चुनाव के लिए यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ही अंतिम फैसला करेंगे। वे अपना डिटो लगाते हैं, तभी वरूण को टिकट मिल सकता है।

## व्यय पर्यवेक्षक ने उधमपुर में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की

**उधमपुर (हिंस)।** संसदीय चुनाव 2024 के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के प्रयास में, 04 उधमपुर संसदीय क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक सत्यनारायण राजू भूपति ने आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में 04-उधमपुर संसदीय क्षेत्र के सभी पांच जिलों में चुनाव व्यय निगरानी की देखरेख करने वाले नोडल अधिकारियों के बीच व्यापक बातचीत की हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी उधमपुर, सलोनी राय ने व्यय पर्यवेक्षक को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) अनुपालन और उम्मीदवार व्यय की निगरानी के लिए की गई तैयारियों और टीमों के बारे में एक व्यापक जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक ने विधानसभा क्षेत्रवार तैयारियों और टीमों की स्थिति की समीक्षा की।

# नाबालिग से दुष्कर्म प्रेमी समेत दो गिरफ्तार



**कछार (हिंस)।** कछार के सोनाई में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान शमीम हुसैन और खैरुल इस्लाम के रूप में हुई है। उधर, शमीम हुसैन नाबालिग लड़की का प्रेमी बताया गया है। लड़की के पिता द्वारा थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक, गिरफ्तार शमीम अहमद सोनाई धनेहरी का निवासी है। पीड़िता 17 वर्षीय लड़की का वह प्रेमी था। 19 मार्च की रात प्रेमी शमीम हुसैन ने नाबालिग को झूठा प्रलोभन देकर घर से बाहर बुलाया। नाबालिग लड़की को एक घर के पास एक खेत में ले जाकर अपने दोस्त खैरुल इस्लाम के साथ मिलकर शमीम हुसैन ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता को खेत में फेंककर बाद दोनों युवक फरार हो गए। इस बीच, पीड़िता ने खेत के पास स्थित स्थानीय पंचायत अध्यक्ष के घर में शरण ली। सूचना मिलने पर परिजन वहां पहुंचे और बाद में खैरुल इस्लाम के साथ उसके प्रेमी शमीम हुसैन के खिलाफ सोनाई थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले के आधार पर पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटे के अंदर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। मामले की जांच शुरू की गई है।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल (हिंस)।** मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व चलाया गया। तलाशी के दौरान मैगजीन के साथ एक 5.56 मिमी इंसास राइफल, पांच 5.56 मिमी कारतूस, दो 36 एचई हैंड ग्रेनेड, एक ट्यूब लांचर, दो डब्ल्यूपी ग्रेन नंबर 80 एमके-1, एक टियर स्मोक शेल, एक टियर स्मोक शेल सॉफ्ट नोज, एक स्टन शेल सामान्य, दो कार्ट्रिज 38 मिमी एंटी-रॉयट विथ रबर बुलेट, एक डेटोनेटर और एक लड़ाकू हेलमेट थौबल जिले से बरामद किया गया।

# *पृष्ठ एक का शेष*

## *केजरीवाल गिरफ्तार*

आवास पर पहुंचे, दिल्ली पुलिस और त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों को मुख्यमंत्री आवास के आसपास तैनात किया गया। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती इसलिए की गई क्योंकि ईडी ने आप समर्थकों के विरोध प्रदर्शन की आशंका के चलते अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की मांग की थी। इससे पहले केजरीवाल को ईडी ने नौ बार समन भेजा था लेकिन वह पेश नहीं हुए। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने मामले में केजरीवाल को दंडात्मक कार्रवाई से कोई संरक्षण देने से इनकार कर दिया। पीठ ने संरक्षण के अनुरोध संबंधी केजरीवाल की अर्जी को 22 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। समन को चुनौती देने वाली उनकी मुख्य याचिका पर भी उसी दिन (22 अप्रैल को) सुनवाई होगी। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। बाद में इस नीति को रद्द कर दिया गया था। मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी द्वारा दाखिल आरोप पत्र में केजरीवाल के नाम का कई बार उल्लेख किया गया है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि आरोपी आबकारी नीति तैयार करने के लिए केजरीवाल के संपर्क में थे, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अनुचित लाभ हुआ। ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आप सांसद राघव चड्ढा ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने की *बड़ी साजिश* रची जा रही है। आम आदमी पार्टी ने *एक्स* पर कहा कि ईडी दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची। भाजपा को पता होना चाहिए कि वह उस पहाड़ को हिलाने की कोशिश कर रही है, जिसके समर्थन में आज पूरा देश खड़ा है। दिल्ली के लोग सब देख रहे हैं...आज कोई चुप नहीं बैठेगा।

## *लोस चुनाव : ईसी ने ...*

था। ईसी ने कहा कि चल रहे लोकसभा चुनाव 2024 में समान अवसर के लिए अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने आज गैर-कैडर अधिकारियों के लिए स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं, जो जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और अधीक्षक के रूप में तैनात हैं। चार राज्यों अर्थात गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में डीएम और एसपी के पद क्रमश: भारतीय प्रशासनिक और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए आरक्षित हैं।

## *राज्य में पहले चरण ...*

पहले चरण के चुनाव के लिए बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी। असम में 14 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को होंगे। पहले और दूसरे चरण में पांच-पांच सीटों पर मतदान होगा, जबकि तीसरे चरण में चार सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 27 मार्च है, नामांकन की जांच 28 मार्च को होगी और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 30 मार्च है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि प्रतिष्ठित डिब्रूगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और नगांव से चुनाव लड़ रहे लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई 26 मार्च को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। डिब्रूगढ़ में, सोनोवाल असम के संयुक्त विपक्षी मोर्चा (यूओएफए) के उम्मीदवार लुरिनज्योति गोगोई के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे, जबकि जोरहाट में, गौरव गोगोई मौजूदा भाजपा सांसद तपन गोगोई के खिलाफ लड़ेंगे। काजीरंगा में भाजपा के राज्यसभा सांसद कामाख्या प्रसाद तासा का मुकाबला कांग्रेस की पूर्व विधायक रोजेलिना तिर्की से है। चुनाव लड़ने वाले अन्य प्रमुख उम्मीदवार हैं-लखीमपुर में मौजूदा भाजपा सांसद प्रदान बरुआ और शोणितपुर में पार्टी के मौजूदा बेहाली विधायक रंजीत दत्ता। सभी सीटों पर वोटों की गिनती 4 जून को होगी. निवर्तमान सदन में, राज्य से भाजपा के पास नौ, कांग्रेस के पास तीन, एआईयूडीएफ और एक-एक निर्दलीय के पास एक सीट थी।

## *जयपुर में जिंदा ...*

रखवाया है। पुलिस के अनुसार यह हादसा विश्वकर्मा थाना अंतर्गत जैसल्या गांव में हुआ। एफएसएल टीम की मदद से सुबूत जुटाए हैं। मामले की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदना प्रकट करते हुए *एक्स* पर लिखा कि जयपुर के विश्वकर्मा में भीषण आग की चपेट में आने से पांच नागरिकों के असामयिक निधन का समाचार हृदय विदारक है। परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान व परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। विस्तृत ब्यौरे की प्रतीक्षा है।

## *गिरफ्तार आईएसआईएस के ...*

दोनों को गिरफ्तार कर लिया। महंत ने बताया कि एनआईए के पास पहले से ही एक मामला लंबित था, इसलिए हमने इन दोनों आतंकियों को एनआईए को सौंप दिया है। उन्हें एनआईए ही कोर्ट में पेश करेगी। महंत ने कहा कि हमारे पास आईएसआईएस के शीर्ष स्तर के आतंकियों की तस्वीरें थीं और उनमें से दो तस्वीरें इन दो लोगों से मेल खाती थीं। उन्होंने कहा कि धुबड़ी आतंकवादी गतिविधियों का केंद्र न बने, इसलिए जैसे-जैसे सबूत सामने आते हैं, हम इस पर काम कर रहते हैं। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हारिस फारूकी उर्फ हरीश अजमल फारुखी और अनुराग सिंह उर्फ रेहान के रूप में हुई है। महंत ने खुलासा किया कि फारूकी भारत में आईएसआईएस का प्रमुख है, जो चकराता, देहरादून का रहने वाला है। जबकि सिंह, एक धर्म परिवर्तित मुस्लिम है, जो दीवाना, पानीपत का रहने वाला है। उसकी पत्नी बांग्लादेशी हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश से आतंकवाद को खत्म करने की कसम खाई है। असम पुलिस के एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि हम कट्टरपंथियों के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे और अपने देश की धरती से आतंकवाद को खत्म करेंगे। हारिस फारूकी उर्फ हरीश अजमल फारुखी और उसके सहयोगी रेहान की गिरफ्तारी भारत में आईएसआईएस अभियानों के लिए एक गंभीर झटका है, जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उधर असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने गिरफ्तारी को देश में आतंकवाद का मुकाबला करने के राष्ट्रीय प्रयास में अंतर-एजेंसी तालमेल का परिणाम बताया। सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन में शामिल अधिकारियों की टीम को बधाई। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने (नाम न छापने की शर्त पर) कहा कि दोनों आईएसआईएस कैडर दिल्ली मॉड्यूल से संबंधित एनआईए मामले में वांछित हैं, जिसमें दिल्ली, मुंबई और लखनऊ की घटनाएं शामिल हैं।

## *धार की ऐतिहासिक ...*

परिसर का निरीक्षण किया। कलेक्टर मिश्रा ने भोजशाला पुलिस चौकी पर अतिरिक्त फोर्स तैनात करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि मां सरस्वती मंदिर भोजशाला के वैज्ञानिक सर्वेक्षण के लिए हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस द्वारा मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में आवेदन दिया था। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की तरफ से एडवोकेट हरिशंकर जैन और एडवोकेट विष्णुशंकर जैन ने पैरवी करते हुए कोर्ट को कहा कि पूर्व में भी जो सर्वेक्षण हुए हैं, वे साफ-साफ बता रहे हैं कि भोजशाला वाग्देवी का मंदिर है। इससे अतिरिक्त कुछ नहीं। हिंदुओं का यहां पूजा करने का पूरा अधिकार है। हिंदुओं को पूजा का अधिकार देने से भोजशाला के धार्मिक चरित्र पर कोई बदलाव नहीं होगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से एडवोकेट हिमांशु जोशी ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 1902-03 में पुरातत्व विभाग भोजशाला का सर्वे कर चुका है। इसकी रिपोर्ट भी कोर्ट में प्रस्तुत है। रिपोर्ट के साथ फोटोग्राफ भी संलग्न हैं। इनमें भगवान विष्णु और कमल स्पष्ट नजर आ रहे हैं। नए सर्वे की कोई आवश्यकता ही नहीं है। सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर ही 2003 में आदेश जारी हुआ था। भोजशाला विवाद सदियों पुराना है। हिंदुओं का कहना है कि यह सरस्वती देवी का मंदिर है। सदियों पहले मुसलमानों ने इसकी पवित्रता भंग करते हुए यहां मौलाना कमालुद्दीन की मजार बनाई थी। भोजशाला में आज भी देवी-देवताओं के चित्र और संस्कृत में श्लोक लिखे हुए हैं। अंग्रेज भोजशाला में लगी वाग्देवी की मूर्ति को लंदन ले गए थे। याचिका में कहा गया कि भोजशाला हिंदुओं के लिए उपासना स्थली है। उच्च न्यायालय ने संस्था हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका पर सुनवाई के बाद गत 11 मार्च को भोजशाला का वैज्ञानिक सर्वे करने के आदेश जारी किए थे। इसमें पांच सदस्यीय दल भोजशाला का सर्वे करेगा। अलग-अलग बिंदुओं पर यह सर्वे होना है। इसके तहत मुख्य रूप से यह बात सामने आ सकती है कि यहां पर किस तरह के प्रतीक चिन्ह है और किस तरह की यहां की वास्तु शैली है। साथ ही यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि यह किस तरह की धरोहर है। कोर्ट के आदेश अनुसार, एएसआई महानिदेशक की निगरानी में पांच सदस्यीय टीम भोजशाला का सर्वे करेगी। इसके साथ ही ये कमेटी अगले छह स्पताह के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। साथ ही कोर्ट ने दोनों पक्ष यानी हिंदू और मुस्लिम पक्ष के दो-दो प्रतिनिधियों को सर्वे के दौरान वहां मौजूद रहने की अनुमति है। पूरे सर्वे की वीडियोग्राफी के साथ ही फोटो भी एकत्रित करने का आदेश दिए।

## *मोदी का परिवार-मोदी ...*

आयोग के समक्ष सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि भाजपा के झूठे विज्ञापनों में 2जी आवंटन मुद्दे को उछाला गया है.... भाजपा एक दशक पुराने विमर्श को पूरी तरह से आगे बढ़ा रही है, जबकि व्यापक न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से उसका यह विमर्श ध्वस्त हो चुका है। उसने आयोग से आग्रह किया कि इस तरह के विज्ञापन को हटाया जाए तथा इसे बनाने एवं देने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो। मुख्य विपक्षी दल ने मोदी का परिवार संबंधी विज्ञापनों के खिलाफ भी शिकायत की है। उसने दावा किया कि इसमें आधिकारिक संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है... विज्ञापनों में सशस्त्र बलों का उपयोग आयोग के कई निर्देशों का उल्लंघन है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का पत्र *व्हाट्सएप* के जरिये भेजे जाने का मुद्दा उठाया और कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए कि इस तरह के प्रचार के लिए पीएमओ के लैटरहेड का उपयोग कैसे किया जा सकता है। उसने आयोग से आग्रह किया कि दिल्ली मेट्रो में लगे *मोदी की गारंटी* वाले विज्ञापन को भी हटाया जाए। कांग्रेस ने कहा कि सरकारी निकायों, कार्यालयों, पेट्रोलपंप से लोकसभा चुनावों की अवधि के लिए, वहां लगी प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीरें हटाई जाएं क्योंकि इनसे आचार संहिता का उल्लंघन होता है। उसने यह भी कहा कि एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता को निशाना बनाते हुए भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## *हम राहुल को ...*

की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस लोकसभा चुनाव में कुछ सीटें जीत सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नफरती भाषणों को लेकर भी राहुल गांधी की आलोचना की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता के दिल दिमाग और आत्मा में पीएम मोदी और भाजपा के खिलाफ नफरत भरा हुआ है, जो कि उनके स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। राहुल को पीएम मोदी बिल्कुल पसंद नहीं है, क्योंकि वे (पीएम मोदी) बहुत ही विनम्र और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। राहुल और उनके लोग इस बात से सहमत नहीं है कि एक गरीब भी देश का प्रधानमंत्री बन सकता है। रिजिजू ने आगे कहा कि मोदी को उनकी काबिलियत, लोगों के प्यार और आशीर्वाद के कारण पीएम बनाया गया है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा के भारी बहुमत से जीतने की भविष्यवाणी की है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि भाजपा अकेले चुनाव में 370 से ज्यादा सीटें जीतेगी और एनडीए 400 सीटे जीतने वाली है। बता दें कि देश भर में लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होने वाला है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि हम उन्हें कभी गंभीरता से नहीं लेते हैं। वह एक आदतन अपराधी है, अदालत ने भी उन्हें गलत टिप्पणियां करने के मामले में चेतावनी दी है। रिजिजू ने भाजपा के अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा में 55 सीटें जीतने का दावा किया है।

## *साजिश के तहत ...*

पंगु बनाने के लिए यह साजिश रची जा रही है। ऐसा कर भारत के लोगों से उनका संविधान और लोकतांत्रिक ढांचा छीना जा रहा है। उन्होंने संवैधानिक संस्थाओं से अपील की अगर वे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराना चाहते हैं तो उनका खाता डी-फ्रीज किया जाए। इस मौके पर कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन, महासचिव केसी वेणुगोपाल और महासचिव जयराम रमेश भी मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि देश में ऐसी संस्थाएं हैं जिनसे लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करने की अपेक्षा की जाती है लेकिन कोई अदालत कुछ नहीं कह रही, चुनाव आयोग चुप है, कोई संस्था कुछ नहीं कह रही और मीडिया कुछ नहीं कह रहा। आयकर के दायरे में कोई भी राजनीतिक पार्टी नहीं आती है। यह कांग्रेस पर लागू नहीं होता इसलिए वे इस मामले में किसी तरह का निर्णय लेने से पहले न्यायालय के अंतिम निर्णय का इंतजार करेंगे।

## *आयकर रिटर्न दाखिल ...*

की प्रेस वार्ता के बाद एक पत्रकार सम्मेलन में राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि हार की हताशा में विपक्षी दल निराधार आरोप लगा रहे हैं। प्रसाद ने निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने अपनी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया, इसलिए उनके खाते फ्रीज कर दिए गए। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी संवाददाता सम्मेलन में हार की हताशा में बहाना बना रहे हैं। पार्टी को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बोलने दें, क्योंकि वे जितना बोलेंगे, उतना ही अधिक अपना आधार खो देंगे। अगर लोग कांग्रेस को वोट नहीं देना चाहते तो भाजपा कुछ नहीं कर सकती। पत्रकार वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि अगर कांग्रेस डिफॉल्टर हैं तो आपके साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाएगा, बैंक अकाउंट फ्रीज किए जाएंगे। गांधी परिवार देश के कानून से ऊपर तो नहीं है। कानून तो सब पर लागू होगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने एक प्रेस वार्ता कर आरोप लगाया है कि साजिश के तहत मुख्य विपक्षी दल के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं ताकि पैसे के अभाव में चुनाव लड़ने में विपक्षी पार्टी को समान अवसर न मिल सके। यह सत्ताधारी दल का खतरनाक खेल है। अगर इस देश में लोकतंत्र को बचाना है, तो एक समान अवसर होना चाहिए।

## *बदायूं हत्याकांड : पकड़ा ...*

बाद वह दोनों वहां से भाग गए। अब पुलिस जावेद को चिकित्सकीय परीक्षण कराएगी। इसके बाद न्यायालय में पेश करने बाद जेल भेजेगी। दो बच्चों की हत्या करने का फरार आरोपी जावेद बेहद नाटकीय अंदाज में बरेली पहुंचा। एक ऑटो पर सवार होकर बोला मैं जावेद हूं, बदायूं वाला। ऑटो में सवार होने से लेकर उसकी पूरी बात का वीडियो बनाया गया है। वह जावेद ही है इसे साबित करने के लिए उसके आधार कार्ड भी देखे गए। वीडियो का बनाया जाना और उसे घेरे खड़े लोगों का उससे वैसे ही सवाल करना, जिससे वह बेकसूर जैसा दिखाई दे। लोगों के सवाल पर जावेद कहता है कि उसने कुछ नहीं किया, जो किया भाई साजिद ने किया। जिनके बच्चे मारे गए उनसे तो हम लोगों के बहुत अच्छे ताल्लुक थे। फिर ऐसा क्यों हुआ नहीं पता, लेकिन मैं वहां नहीं था। मैं डर कर बरेली आया हूं, मुझे यहां पुलिस के पास ले चलो। इसके बाद जावेद ने जावेद ने बरेली में पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। इसके बाद यहां की पुलिस से सूचना मिलने पर बदायूं से आई पुलिस टीम उसे ले गई। अब जावेद से पूछताछ की जाएगी। बदायूं में मंगलवार शाम सदर कोतवाली क्षेत्र के बाबा कॉलोनी में मुस्लिम नाई ने हिंदू परिवार के घर में घुसकर दो बच्चों की छुरे और उस्तरा से हमला कर हत्या कर दी थी। इससे सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया था। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया था और हंगामा किया था। दुकानों में तोड़फोड़ करने क बाद उसमें आग लगा दी थी। बता दें कि 19 मार्च को ही पुलिस ने आरोपी साजिद को एनकाउंटर में ढेर कर दिया था।

## *पीएम मोदी के ...*

आचार संहिता लागू होने के बावजूद नागरिकों के फोन पर ऐसे संदेश अभी भी भेजे जा रहे हैं। हालांकि, इसके जवाब में आईटी मंत्रालय ने आयोग को सूचित किया कि यद्यपि पत्र आचार संहिता लागू होने से पहले भेजे गए थे, उनमें से कुछ प्रणालीगत और नेटवर्क सीमाओं के कारण संभवत: देरी से लोगों तक पहुंचे हैं।

## *सीएम ने वन नेशन ...*

के लाभार्थियों, विशेष रूप से प्रवासियों को देश के भीतर उनके स्थान की परवाह किए बिना खाद्यान्न तक पहुंच प्रदान करके खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ओएनओआरसी पहल की मुख्य विशेषताओं में इसका लाभार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण और राशन कार्डों की राष्ट्रव्यापी पोर्टेबिलिटी के लिए एक प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली शामिल है। यह प्रवासियों को उनके वर्तमान स्थान की परवाह किए बिना अपने हकदार खाद्यान्न तक निर्बाध रूप से पहुंचने में सक्षम बनाता है। यह पहल विभिन्न राज्यों में अलग-अलग राशन कार्ड प्राप्त करने की आवश्यकता को समाप्त करके प्रवासियों को सशक्त बनाती है, जिससे प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जाता है और भौगोलिक बाधाओं के बावजूद उनकी खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है। ओएनओआरसी योजना का एक उल्लेखनीय पहलू किसी भी इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ सेल (ईपीओएस) डिवाइस पर राशन कार्ड विवरण और पात्रता की ऑनलाइन उपलब्धता है। राशन कार्ड की जानकारी के इस डिजिटलीकरण से खाद्यान्नों के आसान सत्यापन और वितरण की सुविधा मिलती है, जिससे वितरण प्रणाली की दक्षता में और वृद्धि होती है। इसके अलावा, ओएनओआरसी राशन कार्डों की अंतर-राज्य और अंतर-राज्य पोर्टेबिलिटी दोनों की सुविधा प्रदान करता है, जिससे लाभार्थियों को न केवल अपने गृह राज्य के भीतर, बल्कि रोजगार या अन्य उद्देश्यों के लिए दूसरे राज्यों में प्रवास करने पर भी अपने हकदार खाद्यान्न तक पहुंचने की अनुमति मिलती है।

## *आईपीएल के दो...*

बरसापारा स्टेडियम में दो मैच खेलेगा। उल्लेखनीय है कि असम और पूर्वोत्तर को सबसे पहले आईपीएल के साथ जोड़ा गया, जो पिछले साल विश्व क्रिकेट की सबसे पेशेवर लीग थी। राजस्थान रॉयल्स ने बरसापारा स्टेडियम में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दो घरेलू मैच खेले। बरठाकुर ने कहा कि हम पैसे कमाने के लिए असम में आईपीएल मैचों की मेजबानी नहीं करेंगे। हमें पिछले साल दो मैचों की मेजबानी के लिए आए खर्च से भी कम पैसा मिला। फिर भी एक असमिया के रूप में, मैंने हर साल गुवाहाटी में मैचों की मेजबानी करने का फैसला किया है। आईपीएल दो देशों का खेल नहीं है। गुवाहाटी में तीन टीमें खेलेंगी। हर टीम में विश्व क्रिकेट के सितारे हैं। पूरी दुनिया गुवाहाटी में आईपीएल का लुत्फ उठाएगी। बाद में इसका सभी मोर्चों पर अच्छा असर पड़ेगा। गौरतलब है कि इस बार राजस्थान रॉयल्स अपने अभियान की शुरुआत 24 मार्च को जयपुर में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच खेलकर करेगा।

## कांग्रेस ने 34 विस उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की

**इटानगर ( हिंस )।** अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) ने केंद्रीय कांग्रेस कमेटी की मंजूरी के बाद आगामी विधानसभा चुनावों के लिए 34 उम्मीदवारों के नामों की आज घोषणा की। कांग्रेस पार्टी की सूची में कई वरिष्ठ नेताओं के नाम सामने आए हैं, जिनमें पूर्व गृह मंत्री कुमार वाई, जो 8 बामेंग विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं, पूर्व मंत्री ताकाम पारियो 18 पालिन विधानसभा क्षेत्र से, पूर्व गृह मंत्री तांगा बायलिंग नाचो विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार कांग्रेस पार्टी ने कई युवाओं को भी टिकट दिया है। जिसमें 14वीं दोईमुख विधानसभा सीट के लिए नबाम तादो और लेकांग विधान सभा क्षेत्र के लिए ताना तामर तारा को भी टिकट दिया है। अरुणाचल प्रदेश में आगामी 19 अप्रैल को लोकसभा और विधानसभा चुनाव का एक साथ चुनाव होगा।

# लोस चुनाव-24 में कांग्रेस के साथ हमारा कोई मुकाबला नहीं : रंजीत



**विश्वनाथ ( हिंस )।** राज्य के पूर्व मंत्री तथा शोणितपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रंजीत दत्त ने कहा है कि उनकी पार्टी का कांग्रेस उम्मीदवार के साथ कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अंदर ही कंपटीशन चल रहा है। सभी विधायक तथा बूथ स्तर तक के नेता एक-दूसरे से आपस में कंपटीशन करने में लगे हैं कि कौन भाजपा के लिए अधिक वोट ला सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार लोगों को भावनात्मक रूप से बहका कर वोट प्राप्त करने की राजनीति कर रहे हैं, जबकि भाजपा विकास की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि यह पूरा इलाका बाढ़ प्रभावित था। लेकिन, भाजपा सरकार ने न सिर्फ तटबांधों का निर्माण कराया, बल्कि तटबांधों के ऊपर सड़क निर्माण कराकर यातायात के भी साधन तैयार किए। उन्होंने कहा कि आज गली-गली में सड़कें बन चुकी है। पक्के पुल बनाए गए हैं। विभिन्न योजनाओं के तहत लोगों को सुविधाएं दी गई है। नुमलीगढ़ से गहपुर तक ब्रह्मपुत्र के अंदर टनल बनाया जा रहा है, जिससे यह पूरा इलाका विकसित हो जाएगा। वहीं, फोरलेन सड़क पर भी काम चल रहा है। भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के विकास के एजेंडे के सामने और कोई एजेंडा चलने वाला नहीं है। भाजपा उम्मीदवार आज यहां एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जबसे देश में भाजपा की सरकार बनी है, हर तरफ विकास के कार्य हो रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के कई प्रश्नों के सीधे-सीधे उत्तर दिए।

# लोस चुनाव -24 : कांग्रेस और भाजपा के बीच अंदरूनी सांठ-गांठ : एआईयूडीएफ

**गुवाहाटी ( हिंस )।** एआईयूडीएफ के वरिष्ठ नेता तथा विधायक करीम उद्दीन बरभुइयां ने आरोप लगाया है कि आसन्न लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच अंदरूनी सांठ-गांठ है। एआईयूडीएफ विधायक ने आज मीडिया से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राज्य की सिर्फ तीन सीटों पर ही गंभीरता पूर्वक चुनाव लड़ रही है। जोरहाट सीट पर गौरव गोगोई को जिताने के लिए, नगांव सीट पर कांग्रेस लड़ रही है एआईयूडीएफ उम्मीदवार को हराने के लिए तथा धुबड़ी सीट पर कांग्रेस गंभीरता पूर्वक रकीबुल हुसैन के पक्ष में लड़ रही है एआईयूडीएफ प्रमुख मौलाना बदरुद्दीन अजमल को हराने के लिए। इसके अलावा किसी भी सीट पर कांग्रेस पार्टी गंभीरता पूर्वक चुनाव नहीं लड़ रही है। एआईयूडीएफ विधायक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भाजपा उम्मीदवारों को जिताने के लिए अपनी पार्टी से कमजोर उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि एआईयूडीएफ भाजपा के विरुद्ध पूरी ताकत से चुनाव लड़ रही है। जहां भाजपा के उम्मीदवार हैं, वहां-वहां एआईयूडीएफ द्वारा विपक्ष के उम्मीदवारों को सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में बराक घाटी में इसी प्रकार से कांग्रेस उम्मीदवारों ने भाजपा को जीताने के लिए छद्म रूप से कार्य किया था। इस चुनाव में सभी कांग्रेसी भाजपा में शामिल हो गए हैं इसीलिए मतदाता भ्रमित नहीं हो सकेंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एआईयूडीएफ नेता ने कांग्रेस पर और भी कई आरोप लगाए।

## ड्रग्स समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के वशिष्ठ थाना क्षेत्र के जोराबाट आउटपोस्ट अंतर्गत दस माइल इलाके में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), असम की टीम ने अभियान चलाकर ड्रग्स समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने बताया कि गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर जोराबाट आउटपोस्ट के दस माइल इलाके में इंस्पेक्टर कपिल पाठक के नेतृत्व में एसटीएफ की टीम ने अभियान चलाकर तीन ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया।

# लोस चुनाव-24 : राज्यसभा सांसद के वनलालवेना होंगे एमएनएफ के उम्मीदवार

**आइजोल ( हिंस )।** आसन्न लोकसभा चुनाव में मिजोरम की एकमात्र सीट के लिए राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) ने वर्तमान राज्यसभा सदस्य के. वनलालवेना (54) को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। उल्लेखनीय है कि वनलालवेना वर्ष 2020 के जून महीने में मिजोरम की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए सांसद चुने गए थे। एमएनएफ के निवर्तमान लोकसभा सदस्य सी. लालरोसांगा ने इस बार चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया। मिजोरम में आसन्न चुनाव में मुकाबला सत्तारूढ़ जेडपीएम तथा मुख्य विपक्षी पार्टी एमएनएफ के बीच होता दिख रहा है।



# पूसीरे में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में *डायनामिक क्यूआर* के जरिए यूटीएस टिकट

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) में पहली बार गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर डायनेमिक क्यूआर के माध्यम से अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) पर ट्रेन टिकट बनाया गया। यह प्रक्रिया देश के सभी रेलवे जोनों में शुरू की जा रही है और यात्रियों को यूटीएस के माध्यम से अपना टिकट लेने में आसानी हो रही है। टिकट बुकिंग के दौरान तीन *सी* - कॉन्टेक्ट लेस टिकटिंग, कैशलेस ट्रांजेक्शन और कस्टमर कंवेनिएंस एंड एक्सपेरिएंस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया यह पहल डिजिटलीकरण का एक हिस्सा है। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने आज बताया कि डायनामिक क्यूआर के माध्यम से यूटीएस टिकट बनाने का उद्देश्य वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए) द्वारा यूपीआई का उपयोग करने की वर्तमान बोझिल प्रक्रिया को समाप्त करना है। इससे पहले, यात्रियों को अपने वीपीए एप्लिकेशन में एक लिंक उत्पन्न करने के लिए ऑन ड्यूटी बुकिंग क्लर्क के साथ अपनी यूपीआई आईडी साझा करनी होती थी। उसके बाद, वीपीए एप्लिकेशन में लिंक का उपयोग कर यात्री टिकट मूल्य का भुगतान करते थें। बुकिंग सिस्टम में भुगतान की पुष्टि होने पर यात्री के लिए टिकट बनाया जाता था। डायनामिक क्यूआर के माध्यम से टिकट बनाने की नई प्रक्रिया को बुकिंग एवं अनारक्षित टिकटों की खरीद में दक्षता बढ़ाने, टिकट काउंटरों पर लंबी कतारों को कम करने और डिजिटल बुकिंग प्रक्रिया में बदलाव के लिए उपयोगकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया।



# सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन

## पुण्य बढ़ाओ सब कुछ पाओ : प्रमुख सागर



**बंगाईगांव।** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बंगाईगांव में ससंघ विराजित असम के राज्यकिय अतिथि आचार्य श्री प्रमुख सागर महाराज ने गुरुवार को सिद्धचक्र महामंडल विधान के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप में पुण्य का तीव्र है तो आपको सब जगह सफलता मिलेगी और अगर पाप का उदय है तो सफलता मिलती हुई भी समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि धर्म से ही पुण्य की प्राप्ति होती है। आप साधु संगत में जितने रहोगे पुण्य उतना अधिक मिलेगा। उन्होंने कहा कि सिद्धचक्र महामंडल विधान के तहत इन्द्र बनकर सिद्धों की आराधना करने से पूजा का फल दुगना हो जाता है जो अनंतानन्त कर्मों के क्षय का कारण बनता है। इस अवसर पर ससंघ के निर्देशन में श्रीजी की शांतिधारा, अभिषेक के साथ इंद्र- इंद्राणियों सहित विधान के मुख्य पात्रों द्वारा संगीत-लहरियों के साथ पूजा अर्चना कर विधान के 128 अर्घ्य चढ़ाएगा गए। यह जानकारी सुनील कुमार सेठी एवं मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज राग(मिंटू) द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

# नूनमाटी श्री श्याम मंदिर में वार्षिक श्याम महोत्सव आयोजित

**गुवाहाटी।** महानगर के नूनमाटी के इंडिया कार्बन परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु का वार्षिक रंगारंग श्याम महोत्सव बृहस्पतिवार को विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। श्री श्याम मित्र मंडल समिति के तत्वावधान में आयोजित दिन भर के कार्यक्रम में रिमझिम बरसात के बावजूद आज दिन भर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। इस मौके पर समूचे मंदिर परिसर को भव्य रूप से फूलों द्वारा सजाया गया एवं श्री श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार किया गया। आयोजकों ने बताया कि प्रात: पूजा-अर्चना के पश्चात मंदिर में महाआरती की गई। इस मौके पर दिन के 11 बजे से भजन-कीर्तन के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें कोलकाता से रोहित शर्मा (जिम्मी) जयपुर से अमित नामा व गुवाहाटी के युवा गायक कलाकार उज्ज्वल मोर सहित कई स्थानीय कलाकारों ने अपने-अपने भजनों के पुष्प दरबार में अर्पित किए। गायक कलाकारों ने उपस्थित भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान नृत्य नाटिका का मंचन किया गया, जिसे देख उपस्थित श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो उठे। इस मौके पर श्याम प्रभु को सवामणी व छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया, जिसे बाद में श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। वार्षिक महोत्सव के मौके पर समिति की ओर से आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन को सफल बनाने में राजेन मुरारका, संतोष अग्रवाल, अजय मुरारका, विकास मुरारका, राजकुमार अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सेंदुराम अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, कमल अग्रवाल सहित समिति के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।





## चाय बागान में जंगली हाथियों के हमले में एक व्यक्ति की मौत

**गोलाघाट ( हिंस )।** जिले के कालियनी चाय बागान में जंगली हाथियों के हमले में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने आज बताया कि नुमलीगढ़ के पास नंबर 2 बूढ़ागोहाईखाट के कालियनी चाय बागान में बीती देर रात जंगली हाथियों ने हमला कर दिया, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने बकियाल वन विभाग कर्मियों की मदद से अस्पताल भेजा, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान खुद खड़िया के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा इस संदर्भ में कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है।

## श्री श्री विष्णु मंदिर में तीन दिवसीय दोल उत्सव का आयोजन

**होजाई ( निसं )।** होजाई के विष्णुपल्ली स्थित सार्वजनिक विष्णु मंदिर परिसर में तीन दिवसीय विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ आगामी दिनांक 24 मार्च से 26 मार्च 2024 तक श्री गोविंद उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु दोल उत्सव उद्यापन समिति का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष उमाशंकर गोस्वामी, कार्यकारी अध्यक्ष शिबू रंजन व सचिव तरुण शर्मा के साथ कई उप समितियां बनाई गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ 24 मार्च रविवार को संध्या 6 बजे माताओं द्वारा जल यात्रा के साथ किया जाएगा। संध्या 8 बजे होलिका दहन व 8.30 बजे से अधिवास प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन यानी 25 मार्च को प्रात: 7 बजे वैदिक पूजा अर्चना प्रारंभ होगी। 10 बजे से आमंत्रित कलाकारों द्वारा कीर्तन प्रारंभ होगा। 11 बजे भगवान अबीर दान किया जाएगा। संध्या 6 बजे मंदिर के पूर्व अधिकारियों का सम्मान व संस्कृत कार्यक्रम आयोजित होगा। 26 मार्च को दोपहर 12:00 बजे शांति प्रदान 1 से प्रसाद वितरण 3.30 बजे भगवान गोविंद को गाड़ी में बैठकर नगर भ्रमण करवाया जाएगा। नगर भ्रमण के बाद भगवान को 7 बजे मंदिर में प्रवेश करवाया जाएगा और 8 बजे से महाप्रसाद का वितरण होगा। आयोजन समिति ने सभी धर्म प्रेमी जनों से अनुरोध किया है कि तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधार का कार्यक्रम को सफल बनवाएं एवं भगवान गोविंद का आशीर्वाद लें। उल्लेखयोग्य है, की श्री श्री विष्णु मंदिर परिसर में विगत 75 वर्षों से गोविंद दोल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ।

## नेहरू युवा केंद्र का खेल महोत्सव का आयोजन



**गुवाहाटी।** भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत नेहरू युवा केंद्र द्वारा शुरू किए गए विकास क्षेत्र आधारित खेल महोत्सव के तहत कामरूप मेट्रोपॉलिटन जिला नेहरू युवा केंद्र ने रानी, डिमरिया, बेजेरा और चंद्रपुर विकास प्रखंड में प्रत्येक विकासखण्ड में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए। युवक और युवतियों दोनों के बीच कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित हुई। रानी विकास खंड में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ. निजरा जानात, श्यामली सइकिया, अंजना दास हजारिका, नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार और कार्यक्रम पर्यवेक्षक जीवन चंद्र दलोई उपस्थित थे। दस से अधिक खिलाड़ियों की टीम में शामिल विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। बेजेरा डेवलपमेंट ज़ोन की एवीएम एजुकेशन सोसाइटी के तत्वावधान में शालबारी प्राइमरी स्कूल मैदान में आयोजित कबड्डी और वॉलीबॉल टूर्नामेंट में चंद्रपुर उदयन वेलफेयर सोसाइटी और असम विद्या मंदिर क्लब विजेता रहें। विजेताओं को डॉ. रामेन चंद्र तालुकदार, रानी बरुवा, खेल आयोजक प्रणब राजवंशी, नयन कलिता और नयनमणि बोरो द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। डिमरिया विकास क्षेत्र के सोनापुर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के खेल मैदान में आयोजित वॉलीबॉल और खो खो प्रतियोगिता में खेल संगठक नव कलिता, प्रदीप कुमै, महेश बोड़ो के साथ साथ ग्राम प्रधान विपुल बरुवा उपस्थित थे। किया गया था। विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। चंद्रपुर विकास क्षेत्र के एकता प्रगति युवा संघ द्वारा आयोजित कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता क्रमश: नालनी तरण ज्योति युवक संघ और भेरभेरे विजय टीम का खिताब अर्जन किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक प्रदीप तालुकदार, स्वास्थ्य अधिकारी नाथूराम विश्वास और समाजिक संगठक दशरथ विश्वास के साथ-साथ खेल संगठक संतोष मंडल, नारायण विश्वास और सूर्य विश्वास द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

# आगामी दो दिवसीय महा अष्टयाम को लेकर श्री जय बजरंग सेवा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**गुवाहाटी।** धार्मिक सामाजिक संस्था श्री जय बजरंग सेवा समिति की आगामी 6 व 7 अप्रैल को आयोजित होनेवाला अखंड महा अष्टयाम यज्ञ के लिए, असम कांटा श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में वरिष्ठ उपाध्यक्ष जवाहर सहनी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई जिसमें यज्ञ की सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए विचार-विमर्श किया गया। सभी कार्यकर्ता यज्ञ की सफलता के लिए जोर-शोर से लगे हुए हैं। समिति के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि असम कांटा स्थित हनुमान जी का भक्तों पर हमेशा असीम कृपा बरसते रहते हैं। जो सच्चे मन से आता है। उनका मनोकामना पूर्ण होता ही है। उन्होंने कहा कि निष्ठा सेवा भाव से यज्ञ 22वें साल में प्रवेश करने पर कार्यकर्ताओं में काफी प्रसन्नता है। इसलिए समिति मिनी सिल्वर जुबली मनाने जा रहा है। समिति ने धार्मिक पत्रिका पूर्वांगण का प्रकाशन करेगा। जिसके लिए सभी विद्वानों व लेखकों से अपने-अपने आलेख, विज्ञापन देने का आग्रह किया है। इस यज्ञ का सिधा प्रसारण नया भारत आपकी आवाज से प्रसारण किया जाएगा। समिति ने समाज के सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया है कि तन-मन-धन से सहयोग देकर हनुमान जी को सेवा करें एवं पुण्य का भागी बने। हनुमान भक्तों पर हमेशा उनकी कृपा बरसता है। समिति यज्ञ को सफल बनाने के लिए एक समिति का गठन किया है जो इस प्रकार है-मुख्य यजमान लक्ष्मण पोद्दार व धर्मपत्नी नीतू देवी पोद्दार, अतिथि- श्री वीरेंद्र चौधरी, रौबीन गुप्ता, राम अवतार अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, त्रिमूर्ति कोलडिया, अशोक सिंह, महेंद्र मित्तल, राम प्रताप गोयल, नागेंद्र महतो, नवीन सिंघल, शरद मेधी। यज्ञ संयोजक- शशि भूषण ठाकुर, मनोज मिश्र, पवन अग्रवाल, जेपी सिंह, भागचंद जैन, कार्यकारी अध्यक्ष- अरुण पटेल, कामाख्या राय, उपाध्यक्ष- राजेंद्र दास, जवाहर साहनी, मनोज शर्मा, भवेश मिश्र, अमित प्रधान, अंकल तिवारी, अनिल कुमार साह, राजू राय, सुनील राय, रमाकांत गिरी, महासचिव- टुन-टुन गिरी, अजित तिवारी, संजय प्रसाद राय, नीरज चौधरी। कोषाध्यक्ष- राम नरेश मिश्र, चंद्रकेतु राय, हीरा प्रसाद साह, उप कोषाध्यक्ष- नवीन गिरी, रोहित गिरी, श्यामाकांत गिरी, सचिव- राजेंद्र कुमार गोयल, मनोज कुमार पांडे, उमेश पांडे, दीपक पटेल, अरविंद कुमार यादव, सरोज सिंह, अरुण कुमार जायसवाल, विनय पाठक, उपसचिव- लक्ष्मण चंद्र पाठक, गोविंद राय, शेखर राय, हेमंत चौहान, संतोष कुमार पटेल, अजय कुमार पटेल, सांस्कृतिक सचिव- दिनेश कुमार यादव, उमेश सहनी, भुवनेश्वर सिंह, अरुण यादव, राजकुमार पटेल, शशि कुमार पटेल, जगदीश प्रसाद, बबलू राय, अनिल राय, राम उदगार राय, मीडिया प्रभारी- पशुपति चौधरी, अजय शर्मा, प्रचार सचिव- मनोज ठाकुर, महेश महतो, शंभू पासवान, संतोष पटेल, विक्रम सिंह, भगवान सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, मनोज कुमार राय, राकेश कुमार सिंह, नवीन सिंह, अमरजीत यादव, गणेश ओझा, कार्यकारिणी सलाहकार- धनंजय कुमार सिंह, राजू यादव, उमेश सिंह, अवधेश शर्मा, श्याम शर्मा, नवीन अग्रवाल, केके सिंह, अरुण सिंह, बिट्टू बंसल, डॉ. बी. पाठक, अजित सिंह, संजय कुमार यादव, समिति सलाहकार- अनूप चौधरी, अशोक समानिया, सीताराम अग्रवाल, जगदीश वर्मन, अभिजीत यादव, पंचदेव राय, ओमप्रकाश सम्हालका, श्रवण अग्रवाल (शक्ति टायर), पवन अग्रवाल, आरके अग्रवाल, अनिल पिती, गोल्डी सिंह, फौजी सिंह, रविंद अग्रवाल, मनोज जैन, अशोक गुप्ता, रविंद्र गोयल, सुरेश अग्रवाल, राजू तिवारी, आरके राणा, पंकज सिंह, धनंजय गुप्ता, कार्यकारण सदस्य- रामविलास यादव, संतोष ठाकुर, भगवान गुप्ता, ताराचंद मुरारका, पवन कुमार, राजन तिवारी, झुना कुमार पटेल, राजू सिंह सतीश प्रसाद, सुधीर यादव, लक्ष्मण यादव, ललित शर्मा, एसके राय, सुनील कुमार पांडेय, विकास मंडल, अरुण शर्मा, विनोद सिंह, अर्जुन शर्मा, उपेंद्र सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, समसेर सिंह, सुनील पांडेय, कौशल झा, विजय सिंह, अखिलेश गुप्ता, पवन साह, शंभू साह, ऋषी ठाकुर, बिट्टू पोद्दार, नित्यानंद पोद्दार, अजय ठाकुर, रंजन महतो, ऋषी कुमार ठाकुर, हरु दास, संतोष ठाकुर, शिवजी ठाकुर, विजय साह, बादल घोष, भोला साह, पोरस कुमार, पंकज कुमार, जयराम साह, विक्की कुमार, मनोज राय व राहुल सेठ को बनाए गए हैं। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी पशुपति चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति द्वारा दी है।

संपादकीय

# चुनावी बॉन्ड 'काला धन' कैसे?

**चुनावी** बॉन्ड को सर्वोच्च अदालत 'असंवैधानिक' करार दे चुकी है और उन पर रोक भी लगा दी गई है, लिहाजा यह अध्याय यहीं समाप्त हो जाना चाहिए था। अब चुनाव आयोग अपनी वेबसाइट पर वे ब्योरे जारी कर रहा है, जो भारतीय स्टेट बैंक ने भेजे हैं और जारी करने का आदेश सर्वोच्च अदालत का है। कांग्रेस समेत विपक्ष के दल इस चुनावी चंदे को 'बहुत बड़ा घोटाला' चित्रित कर रहे हैं, जो हास्यास्पद राजनीति है। यदि बॉन्ड के जरिए फरवरी, 2024 तक करीब 7700 करोड़ रुपए का चंदा भाजपा को मिला है, तो नवम्बर, 2023 तक 1334.35 करोड़ रुपए का चंदा कांग्रेस के हिस्से भी आया है। गणना कर लें कि फरवरी, 2024 तक कितना पैसा कांग्रेस के खजाने तक पहुंचा होगा! सूची में दूसरा स्थान तृणमूल कांग्रेस का है, जिसे 1397 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। एक क्षेत्रीय दल को इतना चंदा...! सूची में बीआरएस, बीजद, द्रमुक, वाईएसआर कांग्रेस, टीडीपी, राजद, एनसीपी, सपा, अकाली दल, अन्नाद्रमुक आदि क्षेत्रीय दल भी हैं, जिन्हें उनकी हैसियत के मुताबिक करोड़ों में चंदा दिया गया है। क्या कांग्रेस समेत वे सभी दल 'घोटालेबाज' हैं? चुनावी बॉन्ड पर शीर्ष अदालत के फैसले पर कोई सवाल नहीं, अलबत्ता देश का बौद्धिक और जागरूक वर्ग कमोबेश चिंतन कर सकता है कि ऐसा चुनावी चंदा 'घोटाला' कैसे माना जा सकता है? विश्व में ऐसा कोई देश नहीं है, जहां राजनीतिक दलों को चंदा न दिया जाता हो। जहां आम चुनाव के लिए सरकारें आर्थिक संसाधन मुहैया कराती हैं, वहां भी औद्योगिक घराने और वैचारिक तौर पर जुड़ी आम जनता चुनावी चंदे देती रही है। यह एक सार्वजनिक परंपरा और प्रक्रिया है। औसत करदाता को आयकर या अन्य कर-योग्य संपदा में छूट भी मिलती है, लिहाजा देश की आजादी और संविधान को ग्रहण करने के बाद चंदा देने की परंपरा रही है। इस चंदे के संदर्भ में 'काला धन' का खूब शोर मचाया जा रहा है, लेकिन जो पैसा देश के बुनियादी ढांचे के विकास और जन-कल्याण की परियोजनाओं में निवेश किया जाता रहा है, उस आर्थिक स्रोत को 'काला धन' करार कैसे दिया जा सकता है? दरअसल चुनावी बॉन्ड के तौर पर व्यक्ति, संस्थान, औद्योगिक ईकाई और समूह जितना पैसा निवेश करते हैं, वह अनिवार्य रूप से उनके खातों में दिखाया जाता है। जिन राजनीतिक दलों को बॉन्ड के जरिए चंदा मिला है, उसे दलों ने भी अपने अधिकृत खातों में दिखाया होगा। चुनाव आयोग एक निश्चित अंतराल पर इन खातों की जांच करता रहा है। तो फिर बॉन्ड में खर्च किया गया धन 'काला धन' कैसे कहा जा सकता है? दरअसल 'काला धन' वह है, जिसे आरोपित व्यक्ति या कॉरपोरेट घराने अथवा राजनेता विदेशी बैंकों में खाते खुलवा कर जमा कर देते हैं और कर-जांच एजेंसियों को उनके खुलासे भी नहीं किए जाते। ऐसे कई 'काले रहस्योद्घाटन' हो चुके हैं। अभी तक चुनाव आयोग के जरिए जितने चुनावी बॉन्ड सार्वजनिक किए गए हैं, उनमें रिलायंस, अंबानी, टाटा, बिरला सरीखे बड़े औद्योगिक समूहों के नाम नहीं हैं। क्या वे राजनीतिक दलों को चंदा नहीं देते? सबसे अधिक 1368 करोड़ रुपए के बॉन्ड खरीदने वाले 'लॉटरी किंग' मार्टिन की कंपनी 'फ्यूचर गेमिंग' पर प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर आदि सरकारी एजेंसियों के कई बार छापे मारे जा चुके हैं, जेल भी जाना पड़ा है, फिर भी उसने सर्वाधिक चंदा दिया है। चूंकि कंपनी का मुख्यालय अब तमिलनाडु में है, लिहाजा वहां की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपए का चंदा दिया गया है। ऐसी कई कंपनियां चुनावी चंदे की सूची में हैं, जिनका मुनाफा कम है, लेकिन वे कई गुना ज्यादा चंदा दे रही हैं। ऐसी भी खबरें आई हैं कि किसी ने बंद लिफाफे में 1-1 करोड़ के 10 बॉन्ड जद-यू के दफ्तर में भेज दिए। भाजपा को 8 बार एक ही दिन में 100-100 करोड़ मिले। एक दिन में 200 करोड़ भी मिले। भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल सहित कई दलों ने चंदा देने वालों के नाम के खुलासे नहीं किए हैं। बताया जाता है कि बसपा, इंनेलो, एमआईएम, एनपीपी समेत कई छोटे दलों को बॉन्ड से चंदा नहीं मिला है।

अब चुनाव आयोग अपनी वेबसाइट पर वे ब्योरे जारी कर रहा है, जो भारतीय स्टेट बैंक ने भेजे हैं और जारी करने का आदेश सर्वोच्च अदालत का है। कांग्रेस समेत विपक्ष के दल इस चुनावी चंदे को 'बहुत बड़ा घोटाला' चित्रित कर रहे हैं, जो हास्यास्पद राजनीति है। यदि बॉन्ड के जरिए फरवरी, 2024 तक करीब 7700 करोड़ रुपए का चंदा भाजपा को मिला है, तो नवम्बर, 2023 तक 1334.35 करोड़ रुपए का चंदा कांग्रेस के हिस्से भी आया है। गणना कर लें कि फरवरी, 2024 तक कितना पैसा कांग्रेस के खजाने तक पहुंचा होगा! सूची में दूसरा स्थान तृणमूल कांग्रेस का है, जिसे 1397 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। एक क्षेत्रीय दल को इतना चंदा...! सूची में बीआरएस, बीजद, द्रमुक, वाईएसआर कांग्रेस, टीडीपी, राजद, एनसीपी, सपा, अकाली दल, अन्नाद्रमुक आदि क्षेत्रीय दल भी हैं।

### निम्न मध्यम वर्ग वाले 55 देश हैं जिनकी सालाना प्रति व्यक्ति आय 83000 से 332000 रुपए के बीच है

# अब भारत होगा उच्च मध्यम आय वाला देश

डा. जयंतीलाल भंडारी

भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमरीका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा और उस समय तक भारत की प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर 4500 अमरीकी डॉलर तक पहुंच जाएगी और भारत उच्च मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा। गौरतलब है कि विश्व बैंक की परिभाषा के मुताबिक दुनिया में निम्न आय वर्ग वाले 26 देश हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति सालाना आय 83000 रुपए या उससे कम है।

**हाल** ही में 6 मार्च को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत आर्थिक, वित्तीय तथा संरचनात्मक सुधारों के कारण वर्ष 2031 तक निम्न मध्यम से उच्च मध्यम आय वाला देश बन जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने और आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमरीका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा और उस समय तक भारत की प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर 4500 अमरीकी डॉलर तक पहुंच जाएगी और भारत उच्च मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा। गौरतलब है कि विश्व बैंक की परिभाषा के मुताबिक दुनिया में निम्न आय वर्ग वाले 26 देश हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति सालाना आय 83000 रुपए या उससे कम है। निम्न मध्यम वर्ग वाले 55 देश हैं जिनकी सालाना प्रति व्यक्ति आय 83000 से 332000 रुपए के बीच है। उच्च मध्यम वर्ग वाले 55 देश हैं जिनकी सालाना प्रति व्यक्ति आय 332000 से 996000 रुपए के बीच है। उच्च वर्ग वाले 79 देश हैं जिनकी प्रति व्यक्ति सालाना आय 1000565 रुपए से अधिक है। इस समय भारत जीडीपी के मद्देनजर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत से आगे अमरीका, चीन, जर्मनी और जापान हैं। माना जा रहा था कि भारत 2026 में जापान को पीछे कर दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन अब भारत और जापान की अर्थव्यवस्था में बहुत थोड़ा अंतर रह गया है। इसलिए जापान की अर्थव्यवस्था से इसी साल 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था आगे निकल सकती है। 7 मार्च को दुनिया की वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आगामी 5 वर्षों तक चीन की विकास दर भारत से कम रह सकती है तथा दुनिया की कुल जीडीपी में भारत का जो वर्तमान योगदान करीब 10 फीसदी है, वह 2028 में बढ़कर 16 फीसदी हो जाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि हाल ही में ब्लूमबर्ग के द्वारा भारतीय सरकारी बॉन्डों को अपने सूचकांक में शामिल करने के फैसले से भारतीय ऋण बाजार को काफी मजबूती मिलेगी। इन बॉन्डों को 31 जनवरी 2025 से ब्लूमबर्ग सूचकांक में शामिल किया जाएगा। जेपी मॉर्गन के बाद ब्लूमबर्ग अपने उभरते बाजार बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने वाला दूसरा प्रमुख वैश्विक सूचकांक प्रदाता है। जेपी मॉर्गन ने जून 2024 से भारतीय बॉन्डों को अपने सूचकांक में शामिल करने का निर्णय लिया है। भारतीय सरकारी बॉन्डों को ऐसे वैश्विक सूचकांकों में शामिल किए जाने से वैश्विक वित्तीय बाजार में भारत की वित्तीय प्रतिष्ठा बढ़ेगी और इसके कई लाभ होंगे। इससे भारत में विदेशी निवेश बढ़ेंगे, जिससे सरकार को अपने राजकोषीय घाटे की भरपाई करने में मदद मिलेगी। साथ ही सरकार को चालू खाते के घाटे की भरपाई में भी आसानी होगी। यह बात महत्वपूर्ण है कि इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था विकास की पटरी पर पूरी रफ्तार से दौड़ रही है और विकास की ऐसी तेज रफ्तार से भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश तथा वर्ष 2031 तक उच्च मध्यम आय वाला देश बन जाएगा। साथ ही वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में चमकते हुए दिखाई दे सकता है। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर से दिसंबर तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.4 फीसदी की तेज दर से बढ़ा है। जीडीपी की यह रफ्तार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 6.5 फीसदी के अनुमान से भी अधिक रही है। जीडीपी के इस उत्साहवद्र्धक परिदृश्य के मद्देनजर अब एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7.6 फीसदी कर दिया है। इस समय भारतीय शेयर बाजार भी दुनियाभर में ऊंचाइयों पर रेखांकित होते हुए दिखाई दे रहा है। 7 मार्च 2024 को जो सेंसेक्स 74000 से अधिक की अब तक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा है, वह 2024 के अंत तक 100000 से अधिक के स्तर पर पहुंच सकता है। इस तरह भारतीय अर्थव्यवस्था उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन कर रही है। इससे पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की ताकत और क्षमता बढ़ रही है और इससे भारत विकसित राष्ट्र बनने की डगर पर आगे बढ़ने की अच्छी संभावनाएं रखता है। इसमें कोई दो मत नहीं कि इस समय भारत दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यवस्था के साथ आर्थिक विकास की डगर पर तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था को आर्थिक पंख लगे हुए दिखाई दे रहे हैं। घरेलू संरचनात्मक सुधार, मैन्युफैक्चरिंग, ग्लोबल सप्लाई चेन, इंफ्रास्ट्रक्चर में इन्वेस्टमेंट और ग्रीन एनर्जी पर निर्भरता बढ़ने से भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी, सबसे अधिक कौशल प्रशिक्षण के अभियान, बढ़ता सर्विस सेक्टर, बढ़ते निर्यात और अर्थव्यवस्था के बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता नए भारत के निर्माण की बुनियाद बन सकती है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष महत्व, अमरीका और रूस दोनों महाशक्तियों के साथ दुनिया के जी-20 देशों में भारत की नई अहमियत और दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान भारत के विकास को तेज रफ्तार दे रही है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षों में किए गए आर्थिक और वित्तीय सुधारों के साथ-साथ कठोर प्रशासनिक निर्णयों से आर्थिक विकास की जो रफ्तार बढ़ी है, वह अब आगामी लोकसभा चुनाव के बाद और तेज होते हुए दिखाई दे सकेगी।



दृष्टि कोण

# न्यायिक व्यवस्था की सक्रियता व आम जनमानस

**देश** व प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था एक ऐसा संवैधानिक संस्थान है, जो देश के आम नागरिकों के लोकतान्त्रिक, सामाजिक एवं मानवीय अधिकारों के संरक्षक के रूप में कार्य करता है या इन सभी कारकों की रक्षा एवं सुरक्षा के प्रहरी के रूप में कार्य करता है। देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था स्वतंत्रता और समानता की पक्षधर है। सतही स्तर पर वर्तमान में देश व प्रदेश में जिन घटनाक्रमों का पटाक्षेप हो रहा है, उनकी विवेचना पर यह निष्कर्ष निकलता है कि वर्तमान राजनीति, राजनीतिज्ञ, प्रशासन एवं प्रशासनिक अधिकारी लोकतंत्र की इस मूल धारणा के विपरीत अराजकता, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, रिश्वतखोरी आदि अनुचित कार्यों में लिप्त हैं। इन कृत्यों पर अंकुश लगाने की दिशा में देश की न्यायिक व्यवस्था निरंतर प्रयासरत है। न्यायिक निर्णय, तर्क-वितर्क एवं तथ्यों की शुचिता पर आधारित होते हैं जिसके आधार पर ही माननीय न्यायाधीश अपने न्यायिक निर्णय का निर्धारण करते हैं। यह सर्वविदित है कि देश व प्रदेश के अधीनस्थ न्यायालयों में अधिकांश मुकदमें दो पक्षकारों के मध्य छोटे-छोटे झगड़ों, आपसी मतभेद या अहंकार, भूमि विवाद से सम्बन्धित होते हैं। इस प्रकार के मुकद्दमों को गुण-दोष के आधार पर निर्धारित तय समय सीमा में निर्णय होना चाहिए, जिससे आम जनमानस, साधारण न्याय प्राप्त करने में, मानसिक एवं आर्थिक रूप से अत्यधिक प्रताड़ित हो रहा है। अपने व्यक्तिगत विकास की गति में अवरोध उत्पन्न कर रहा है। वर्तमान असमानता पूर्ण, भ्रष्टाचार युक्त व्यवस्था में, तथ्यों एवं तर्क - वितर्क को भी वादी-प्रतिवादी अपनी सुविधानुसार न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है जिसके परिणामस्वरूप उस





न्यायिक निर्णय में न्याय-अन्याय के चरित्र में कोई भी भेद नहीं रह जाता है। कालांतर से ही यह सत्यापित है कि न्याय एवं मानव निर्मित कानून दीन एवं दुर्बल अपराधी को ही दंडित करता है, जबकि समर्थ व प्रभावी अपराधी अपने धन बल, छल एवं प्रभाव से सर्वथा दोष मुक्त रहता है। इससे यह प्रतीत होता है कि वर्तमान न्यायिक व्यवस्था में भी आम नागरिकों मुख्यतः निर्धन, दलित एवं महिला वर्ग के लिए न्याय प्राप्त करना एक कल्पित वस्तु है। अथक मेहनत और प्रयास से जो न्याय मिलता भी है, निश्चित रूप से थका देने वाला होता है। न्याय के सिद्धांत के संदर्भ में एक कहावत प्रचलित है कि न्याय प्राप्ति में विलम्ब भी पीड़ित पक्ष के साथ अन्याय ही माना जाता है। प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश पुलिस महा निदेशक एवं ज़िला कांगड़ा के व्यवसायी के मध्य विवाद की निष्पक्ष जांच के निष्पक्षता हेतु प्रदेश पुलिस महा निदेशक व ज़िला कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक को उनके पद से विमुक्त करने का आदेश, प्रदेश उच्च न्यायालय का एक साहसिक एवं ऐतिहासिक निर्णय था। इसके उपरान्त के घटनाक्रम में प्रदेश पुलिस महा निदेशक द्वारा देश की सर्वोच्च अदालत में अपने पक्ष को प्रस्तुत करते हुए, इस निर्णय को लेकर स्थगन आदेश प्राप्त करना, देश व प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था में याचककर्ता की सजगता व धन बल की प्रासंगिकता या उसके महत्व को इंगित करता है। अब प्रश्न न्याय-अन्याय का नहीं है, अपितु न्यायिक व्यवस्था में भी किस प्रकार से तत्परता के साथ अपने अधिकारों की सुरक्षा की जा सकती है, उसको प्रमाणित करता है। इसके विपरीत यक्ष प्रश्न यह भी है कि क्या देश का आम नागरिक जिसमें महिला, दलित, आर्थिक रूप से अक्षम व्यक्ति सम्मिलित हैं, इस प्रकार से त्वरित न्याय प्राप्ति की दिशा में ऐसा प्रयास कर, न्याय प्राप्त कर सकता है? इसका स्पष्ट सा उत्तर है, कदापि नहीं, क्योंकि जिस प्रकार देश व प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था का वर्तमान चरित्र है, उस संदर्भ में माननीय उच्चतम न्यायालय की पीठ द्वारा देश की न्यायिक प्रक्रिया को सजा बताना, देश की वर्तमान न्यायिक प्रणाली की दशा को बयान करता है। देश का लचर न्यायिक ढांचा, देश व प्रदेश के न्यायालयों में लम्बित मुक़द्दमों का अत्यधिक दबाव एवं अधिवक्ताओं का आपसी गठजोड़, देश के न्यायालयों में विचाराधीन मुक़द्दमों के त्वरित निर्णय एवं समाधान में सबसे प्रमुख बाधा हैं। अपितु दोषमुक्त न्यायिक प्रक्रिया में न्यायिक मानकों एवं मापदंडों की पूर्ति में अप्रतिक्षित चुनौतियां एवं रुकावटें वादी-प्रतिवादी के समक्ष होती हैं।

कुछ अलग

# आध्यात्मिक नक्शे पर आ रहा गोवा

**पिछले** दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक सोशल मीडिया पोस्ट से लक्षद्वीप एकाएक विश्व पर्यटन मानचित्र पर आ गया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि लक्षद्वीप बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल बनने की सभी खूबियां रखता है। वो पड़ोसी देश मालदीव को आसानी से पर्यटन में पछाड़ सकता है, लेकिन भारत के पर्यटन नेकलस में गोवा भी एक अहम हीरा है। मालदीव के मुकाबले गोवा न केवल देसी-विदेशी पर्यटकों को लुभाता है, बल्कि गोवा की प्रमोद सावंत सरकार राज्य में पर्यटकों को बढ़ावा देने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। गोवा हमेशा सन, सेंड और सी के लिए जाना जाता रहा है। सूर्य के नीचे नहाते हुए सुनहरे रेत पर टहलना, नीले सागर में सर्फिंग का आनंद लेना और मनमोहक सूर्यास्त का दीदार करना गोवा के समुद्र तटों का यही सार है। गोवा अपनी नाइट लाइफ, स्वादिष्ट समुद्री भोजन और खूबसूरत समुद्र तटों के लिए जाना जाता है। गोवा में 75 मील लंबी तटरेखा और 40 बीच हैं, जिनमें कुछ अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं, जो गोवा को इंटरनेशनल टूरिज्म मैप पर एक अलग पहचान दिलाते हैं। हरे-भरे ताड़ के पेड़ों से घिरे बीच सैलानियों का मन मोह लेते हैं। कलंगुट बीच, पालोलेम बीच, बागा बीच, अंजुना बीच, कैंडोलिम बीच, अरामबोल बीच, अगोंडा बीच, मोरजिम बीच और मीरामार बीच प्रसिद्ध हैं। अंजुना, कलंगुटे और बग जैसे बीच तो मालदीव को पीछे छोड़ते हैं। अब गोवा सरकार राज्य को आध्यात्मिक पर्यटन के नक्शे पर लाने के प्रयास में जुटी है। आध्यात्मिक पर्यटन के लिए जिस इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होगी, उसके लिए सरकार काम कर रही है। राज्य सरकार ने गोवा में देश का पहला रीजेनरेटिव पर्यटन लॉन्च किया है। गोवा की आजादी की 62वीं वर्षगांठ पर राज्य के पर्यटन विभाग ने नई पर्यटन नीति रीजेनरेटिव टूरिज्म की घोषणा की थी। रीजेनरेटिव के माध्यम से सरकार राज्य में पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक संरक्षण और सामुदायिक सशक्तिकरण को मजबूत करना चाहती है। नई नीति के माध्यम से प्रमोद सावंत एकादश तीर्थ की शुरुआत के साथ ही आध्यात्मिकता, स्वदेशी, सभ्यतागत और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सजग पर्यटन पर जोर देते हुए भारतीय पर्यटन को एक नया आयाम देना चाहते हैं। यदि गोवा के इतिहास की बात करें तो इसका उल्लेख महाभारत में भी आता है। महाभारत में गोवा गोपराष्ट्र यानी गोपालकों के देश के रूप में मिलता है। संस्कृत के कुछ अन्य पुराने स्रोतों में गोवा को गोपकपुरी और गोपकपट्टन कहा गया है, जिनका उल्लेख हरिवंशम और स्कंद पुराण में मिलता है। जनश्रुति के अनुसार, गोवा की रचना भगवान परशुराम ने की थी। मान्यता है कि परशुराम ने एक यज्ञ के दौरान अपने बाणों की वर्षा से समुद्र को कई स्थानों पर पीछे धकेल दिया था। इसी वजह से आज भी गोवा में बहुत से स्थानों का नाम वाणावली, वाणनस्थली आदि है। चूंकि, गोवा करीब 450 साल तक पुर्तगाली शासन के अधीन रहा, इस कारण यहां यूरोपीय संस्कृति का प्रभाव दिखता है, लेकिन गोवा के वास्तु शास्त्र में हिंदू प्रभाव दिखाई देता है। सबसे प्राचीन मंदिर गोवा में हैं। गोवा की संस्कृति काफी प्राचीन है। 1000 साल पहले गोवा कोंकण काशी के नाम से जाना जाता था। यहां का श्री कामाक्षी, सप्तकेटेश्वर, श्री शांतादुर्ग, महालसा नारायणी, परनेम का भगवती मंदिर, महालक्ष्मी आदि बेहद दर्शनीय हैं। पुर्तगालियों ने गोवा की संस्कृति का नामोनिशान मिटाने के लिए बहुत प्रयास किए, लेकिन यहां की मूल संस्कृति इतनी शक्तिशाली थी कि उनके प्रयास असफल ही रहे। वैसे तो गोवा में पर्यटक सीजन साल भर चलता है, लेकिन अक्टूबर से फरवरी गोवा घूमने के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। इसमें भी फरवरी को बेस्ट माना जाता है।

देश दुनीया से

# द नक्सल स्टोरी, 'और भी गम हैं जमाने में मोहब्बत के सिवा'

फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कितने रूपए बटोरती है, वो एक अलग बात है, पर जो ख़ास बात है वो ये कि अब बॉलीवुड भी समझ रहा है कि 'और भी ग़म हैं ज़माने में मोहब्बत के सिवा'। मुझे इस कहानी में वो दिखा जो अब कुछ साल से धीरे धीरे दिखने लगा है। बॉलीवुड में जमीनी कहानी कहने का दम और साहस। इस फिल्म ने मुझे वो उम्मीद दी कि अब बॉलीवुड या हिंदी सिनेमा ज़मीनी सच्चाई से भरी कहानियां कहने को बिलकुल तैयार है। वो तैयार है कि जनता जाने कि पिछले कई दशक से जो खबरें उसने अखबारों में दो या तीन कॉलम के समाचारों में पढ़ीं या फिर टॉप 50 खबरों में जो सरपट निकल गयीं, उसकी पूरी कहानी क्या थी, पृष्ठभूमि क्या थी, वो कौन लोग थे जो कह नहीं पाए, वो कौन लोग थे जिनकी आवाज़ सालों साल हम तक पहुंची ही नहीं, या शायद पहुँचने ही नहीं दी गया।

**'बस्तर** द नक्सल स्टोरी', इस फिल्म शुरुआत के वक़्त चलने वाला डिस्क्लेमर कहता है कि 'फिल्म के कुछ दृश्य आपको विचलित कर सकते हैं 'कई फिल्म रिव्यु कहते हैं कि ये फिल्म परेशान करने वाली है। पर, मैं जब से फिल्म देखकर आया हूँ कहीं बस्तर के जंगलों में ही खोया हुआ हूँ। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कितने रूपए बटोरती है, वो एक अलग बात है, पर जो ख़ास बात है वो ये कि अब बॉलीवुड भी समझ रहा है कि 'और भी ग़म हैं ज़माने में मोहब्बत के सिवा'। मुझे इस कहानी में वो दिखा जो अब कुछ साल से धीरे धीरे दिखने लगा है। बॉलीवुड में जमीनी कहानी कहने का दम और साहस। इस फिल्म ने मुझे वो उम्मीद दी कि अब बॉलीवुड या हिंदी सिनेमा ज़मीनी सच्चाई से भरी कहानियां कहने को बिलकुल तैयार है। वो तैयार है कि जनता जाने कि पिछले कई दशक से जो खबरें उसने अखबारों में दो या तीन कॉलम के समाचारों में पढ़ीं या फिर टॉप 50 खबरों में जो सरपट निकल गयीं, उसकी पूरी कहानी क्या थी, पृष्ठभूमि क्या थी, वो कौन लोग थे जो कह नहीं पाए, वो कौन लोग थे जिनकी आवाज़ सालों साल हम तक पहुंची ही नहीं, या शायद पहुँचने ही नहीं दी गया। ऐसा नहीं है कि नक्सलवाद और नक्सलियों पर पहले फिल्म नहीं बनीं, पर उसमें वो सिर्फ कोई पात्र बनकर रह गए। माओवाद और नक्सलवाद पर समाचार चैनलों ने भी कुछ ख़ास न तो समझ बनायी, न खबर दिखाई। जब जब हमले हुए तो कितने मरे, किसने ज़िम्मेदारी ली से आगे समाचार चैनल न तो बढ़ पाए न बढ़ना चाहा जो ख बरें आयीं वो भी फर्ज निभाने के खांचे में ज़्यादा फिट होती दिखाई दी। सरकारों के साथ साथ खबरिया चैनल भी मौन ही तो रहे अक्सर। अब पिछले कुछ सालों से चाहे वो कश्मीर फाइल हो, केरला स्टोरीज हो, माझी हो, लापता लेडीज हो या फिर बस्तर द नक्सल स्टोरी, ये सिर्फ कह नहीं रहे, सवाल भी कर रहे हैं। विपुल शाह की ये फिल्म जो कुछ दिखाती है वो देखने के लिए शायद हिम्मत चाहिए और जिस तरह से दिखाती है वो भी देखने के लिए हिम्मत चाहिए। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे नक्सलियों ने वहां अपनी एक अलग सत्ता बना ली है. कैसे उन्होंने वहां के लोगों की जिंदगी तहस नहस कर दी है। आईपीएस ऑफिसर नीरजा माधवन (Adah Sharma) नक्सलवादियों को कैसे खत्म करती हैं, कैसे वो देश के सिस्टम से लड़ती हैं और ये कहानी बड़े खौफनाक तरीके से पर्दे पर पेश की गई है। अब जब बॉक्स ऑफिस पर एक के बाद एक ऐसी फिल्में आने लगी हैं तो इन्हें एजेंडा और प्रोपेगैंडा भी कहा जाता है। फिल्म के निर्देशक सुदीप्तो सेन ने आतंक की नक्सली क्रूरता और तंत्र की विवशता के बीच पिस्ते आदिवासियों की कहानी को कहने में यकीनन तगड़ी रिसर्च की होगी ऐसा जान पड़ता है। मैं बस्तरः द नक्सल स्टोरी को किसी सियासी चश्मे की बजाये उस सृजनात्मक लेंस से देखना पसंद करूँगा जहां आखिर सुदूर झारखंड, छत्तीसगढ़, केरला के गाओं मोहल्लों के नाम, उनकी समस्याएं, उनकी खुशियां मुंबई-दिल्ली होती हुई समस्त विश्व में पहुँच रही हैं। निर्माता अब सिर्फ रिस्क नहीं ले रहा, वो ऐसी कार्ययोजना भी गढ़ रहा है कि जिस से कम से कम इन मुद्दों पर बातचीत नए सिरे से शुरू हो। 'हम कलाकारों को भी अब इस तरह की कहानियां जोशपूर्ण प्रोत्साहन दे रही हैं, क्यूंकि हमें भी लगता है कि सिर्फ पात्र नया नहीं है, उस पात्र के ज़रिये हम उस पात्र और कहानी को दुनिया तक सही ढंग से ले जाने की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी निभा रहे हैं। 'कहते हुए कंपनी। बुद्धा इन ट्रैफिक जैम , पेज 3 , एक हसीना थी जैसी फिल्मों मके बाद 'बस्तर द नक्सल स्टोरी में आई जी के सचिव 'श्रीवास्तवजी ' का बेहतरीन किरदार निभाने वाले गोपाल के सिंह बड़े दिलचस्प ढंग से कहानी, कलाकार और चुनौतियों की बात कह जाते हैं। ये चुनौतियां अब अक्सर कलाकारों को झेलनी होंगी क्यूंकि जनता भी इन ज़मीनी कहानियों में खुद को पहचानने लगी है , फिर चाहे वो बॉलीवुड में बनी'१२वी फेल हो' या OTTपर पंचायत जैसा मीठा कटाक्ष। अब कलाकार भी वो ही चलेगा जो इन जमीनी कहानियों को अपना सा लगेगा। अब वो बात पुरानी हुई कि जो बिक जाये वो हिट। जनता ने अपनी पसंद न पसंद बताकर जता दिया है कि और भी गम हैं जमाने में मोहब्बत के सिवा। देश के अमृतकाल में ये एक सुखद संकेत है कि पगडण्डी के अंतिम छोर पर खड़े हिन्दुस्तानी की कहानी भी अब जगह बनाने लगी है।



आप का नजरीया

# सियासी भाषा का मनोविज्ञान

**हिमाचल** में कांग्रेस का नया युग, बीते कल से मुकाबला कर रहा है। जाहिर है भाषण और भाषा सडक़ की सभ्यता में नए उच्चारण तक पहुंच गई है या राजनीति का मनोविज्ञान अब बोलने की नई परिभाषा है। आगामी लोकसभा चुनाव की फांस में सरकार, सत्ता और कांग्रेस के बीच नए अफसाने जन्म ले रहे हैं, तो कमोबेश भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने विपक्ष की कुंडलियों में अपने अर्थ की शब्दावली बैठा दी है। अब भाषा की संगत भी सोशल मीडिया की तरह बेपरवाह, नुकीली व प्रहारक बन गई है। यह सियासत का नया दौर है और जाहिर तौर पर पिछले एक दशक के आरोहण में हमने गिरते हुए शब्द, झगड़ते हुए अर्थ तथा मरती हुई भाषायी मर्यादा देखी है। अब बात अगर मेंढक तक पहुंच जाएगी, तो भाषायी उछलकूद कोहराम तो मचाएगी ही। बहरहाल हिमाचल में जनता के लिए और जनता के सामने कसूरवार तो भाषा ही है। यह पहले पक्ष-विपक्ष में गिर रही थी, लेकिन अब अपने ही भितरघात को शब्दों के युद्ध में पहचान रही है। जाहिर है हम हिमाचली जिन बोलियों में स्वयं को अभिव्यक्त करते हैं, वहां शब्दों का प्रचलन अपने आप में माधुर्य की संस्कृति में अभिव्यक्त होता रहा है। बेशक व्यंग्य का पुट, मुहावरों की गहराई और अनौपचारिक संवाद में हिमाचली समाज अपनी कठिनाइयों की सहजता में चलता रहा है, लेकिन अब राजनीति के सार्वजनिक मंच ने हमसे भाषायी संस्कार और संतुलन छीन लिया है। यह काफी हद तक राजनीति के आरपार होने लगा और इसीलिए इसके अक्स में स्थानीय निकाय तक के चुनाव ने सामाजिक गली को गाली बना दिया। कांग्रेस के बीच जिस हिसाब से घटनाक्रम रहे हैं, वहां एक नए युग की परिकल्पना से इन्कार नहीं किया जा सकता। ऐसे में असमंजस के सारे कारण जनता को अपने राज्य के नसीब पर संदेह करने का अवसर दे रहे हैं। एक ही पार्टी, एक ही सत्ता के बीच शह और मात का खेल अगर सार्वजनिक मंच पर अभिव्यक्ति की सीमा से बाहर भाषा के उच्चारण को गिरा रहा है, तो कहीं कमजोरियों के आलम में सिंह गर्जना का क्या तात्पर्य बचेगा। जो हुआ, नहीं होना चाहिए था, लेकिन जो अब लगातार हो रहा है, अवांछित व अप्रिय है। हम राजनीतिक कारणों से हिमाचल की भाषायी संस्कृति को गिराते रहेंगे, तो एक दिन यहां के फैसले सिर्फ मौखिक गालियों के सहारे ही जन्म लेंगे। मंचीय युद्ध की पैमाइश में भले ही कोई पक्ष आगे दिखाई दे, लेकिन यहां हर कदम की एक भाषा है। बागी विधायकों के लिए न्याय की भाषा क्या सुनाएगी या सीपीएस पर सरकार को कानून के शब्द क्या बताएंगे, इसके ऊपर सारा दारोमदार टिका है, वरना सत्ता के प्रभाव से अंगुली मरोडऩे का भाषायी अर्थ कौन नहीं जानता। किसी विधायक के पिता या किसी विधायक पर एफआईआर हो जाने की भाषा में गुरूर हो सकता है, लेकिन जमानत मिलने में अधिकारों की भाषा नजर आती है। यही अधिकारों की भाषा मतदाता के काम आएगी और इसीलिए वह कभी दिल्ली से अपने प्रधानमंत्री की भाषा में सुन रहा है कि हिमाचल में कहां फोरलेन, कहां सुरंग और कहां नेशनल हाईवे बन रहे हैं।

# भारतीय संविधान को मजबूत करने में लोकतंत्र सेनानियों का अहम योगदान : मुख्यमंत्री भजनलाल

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आपातकाल के समय लोकतंत्र के मूल्यों को कमजोर किया गया था। लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष तथा प्रयासों से उन मूल्यों की रक्षा की गई। भारतीय संविधान तथा प्रजातंत्र को मजबूत करने में लोकतंत्र सेनानियों के अहम योगदान को कोई नहीं भुला सकता। शर्मा गुरुवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में विजय दिवस के अवसर पर आयोजित लोकतंत्र सेनानी संघ और लोकतंत्र रक्षा मंच के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 25 जून, 1975 को आपातकाल लगाकर सत्ता के नशे में मदहोश लोगों ने लोकतंत्र का गला घोटा तथा कोर्ट, प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया और विपक्ष को जेल में डाल दिया। उस समय लोकतंत्र सेनानी संघ और लोकतंत्र रक्षा मंच से जुड़े लोगों ने लंबी लड़ाई लड़ी तथा आज ही के दिन 21 मार्च, 1977 को आपातकाल की काली छाया से देश को मुक्त कराया। इस घटना ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए त्याग करने वालों का सम्मान करते हुए हमारी पूर्ववर्ती सरकार ने राजस्थान लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि-2008 बनाकर लोकतंत्र



सेनानियों के लिए सम्मान से जीने की व्यवस्था की। इसके बाद गत कांग्रेस सरकार ने आते ही इस निधि को बंद कर लोकतंत्र सेनानियों को अपमानित करने का कार्य किया। लेकिन अब हमारी सरकार ने अपने पहले लेखानुदान में ही लोकतंत्र सेनानियों के लिए सम्मान निधि को पुन: बहाल करने का प्रावधान किया है। शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने श्रीराम मंदिर के निर्माण का सपना देखा था तथा वो सपना 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की दिव्य प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने जिन मूल्यों की रक्षा के लिए आपातकाल के समय जेल में जो यातनाएं सही उन्हीं मूल्यों तथा भावनाओं को आगे ले जाने का कार्य हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे है तथा उनके नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने तीन महिने के कार्यकाल में संकल्पपत्र के अपने 45 प्रतिशत वादे पूरे किए हैं। राज्य सरकार युवा, महिला, किसान सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है तथा सरकार संकल्प पत्र में किए गए अपने प्रत्येक वादे को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राष्ट्रवाद की भावना को आगे ले जाते हुए विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित राजस्थान के सपने को साकार करेगी। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा रामलला के दर्शन के लिए 1 फरवरी, 2024 से जयपुर से अयोध्या के लिए विशेष विमान सेवा प्रारंभ की गई है। साथ ही, वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना के अंतर्गत 3 हजार तीर्थयात्रियों को यात्रा करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के 7 संभाग मुख्यालयों जयपुर, भरतपुर, बीकानेर जोधपुर, उदयपुर, कोटा तथा अजमेर में श्रीरामलला के दर्शन के लिए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बस सेवा भी शुरू की गई है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, सांसद राजेन्द्र गहलोत तथा विभिन्न राज्यों से लोकतंत्र सेनानी उपस्थित रहे।

# बिहारी को गाली देने वालों को सम्मानित करती है भाजपा और कांग्रेस : जन सुराज

**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** बिहार और यूपी के भाइयों को गालियां देने, मारपीट कर मुंबई से भगाने की बात करने वाले महाराष्ट्र के मनसे प्रमुख राज ठाकरे को अपने एनडीए गठबंधन में शामिल कर भाजपा ने यह साबित कर दिया है कि बिहार और उत्तर प्रदेश की जनता के सम्मान का उसकी नजर में कोई महत्व नहीं है। जो काम कांग्रेस ने किया वहीं काम भाजपा कर रही है। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उक्त बातें गुरुवार को प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने चकिया में जन सुराज अभियान समिति के कल्याणपुर प्रखंड संयोजक व पंसस ठाकुर अविनाश सुमन के आवास पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मनसे प्रमुख राज ठाकरे का राजनीतिक उद्भव बिहार और उत्तर प्रदेश के भाइयों के खिलाफ ही हुआ था। राज़ ठाकरे और उसका कुनबा बिहार के लोगो को महाराष्ट्र से भगाने के लिए अनेकों बार आंदोलन कर चुका है तथा हजारों



बिहारियों और उत्तर प्रदेश के भाइयों को खदेड़ भगाने और मारने-पीटने का काम कर चुका है लेकिन भाजपा ने बिहार और यूपी के लोगो की सम्मान और अस्मिता की अनदेखी कर उसी राज ठाकरे को एनडीए गठबंधन में शामिल कर लिया है। ठाकुर ने कहा कि दो माह पूर्व कांग्रेस के एक नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री स्टालिन ने भी बिहारी डीएनए पर फब्तियां कसी थी और गालियां दी थी। उस पर कांग्रेस नेतृत्व ने कोई ऐक्शन नहीं लिया। ना ही बिहारियों से माफी मांगी। भाजपा और कांग्रेस दोनो अपनी कुर्सी की चिंता करती है और उसे बिहारियों के मान सम्मान और विकास की कोई फिक्र नहीं। उन्होने कहा कि जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर बिहारियों को एकजुट करने में जुटे हैं, ताकि सांप्रदायिक, जातिवादी और बिहार को अपमानित करने वाले दलों खदेड़ भगा कर नया बिहार का निर्माण किया जा सके। उन्होंने कहा कि एकजुट बिहारी अपने अपमान का बदला एनडीए और आईएनडीआईए से इस संसदीय चुनाव में लेंगे।

# आदर्श आचार संहिता उलंघन के आरोप में यूट्यूबर पर मनीष कश्यप एफआईआर



**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** जिले के छौड़ादानो अंचल के दरपा थाना में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर यूट्यूबर मनीष कश्यप पर एफआईआर दर्ज किया गया है। एफआईआर सीओ सह सेक्टर 8 के पदाधिकारी सुधीर कुमार यादव के आवेदन पर दर्ज किया गया। बताया गया कि एफआईआर मनीष कश्यप व नरकटिया गांव निवासी प्रकाश साह सहित 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया है। इसकी पुष्टि करते दरपा थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी ने बताया कि सूचना मिली कि मनीष कश्यप नरकटिया बाजार में चुनावी सभा को संबोधित करने आने वाले है। इसके बाद वहां पहुंचने पर देखा गया कि दो गाड़ी में 10 लोगों के साथ मनीष कश्यप वहां पहुंचे और लोगों को अपने पक्ष में वोट करने के लिए अपील करने लगे। इस दौरान वहां 250 से 300 लोग जमा हो गए। जब उनसे सभा करने का वैध अनुमति के बारे में पूछा गया तो उन्होने कोई आदेश नहीं दिखाया। इसके बाद सीओ के आवेदन पर उनके उपर मामला दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है, कि मनीष कश्यप लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं।

# राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने अमित पूर्वे को पार्टी से छह साल के लिए किया निष्कासित

**अररिया ( हिंस )।** राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं के विरुद्ध लगातार गलत टिप्पणी करने एवं पार्टी के अनुशासन से खिलवाड़ करने के आरोप में अमित पूर्वे को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के द्वारा पत्रांक 567 दिनांक 21 मार्च 2024 के जरिए आदेश जारी करते हुए पार्टी के पद के साथ साथ प्राथमिक सदस्यता से भी छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। अमित पूर्वे को निष्कासित करने का मुख्य कारण पार्टी के नेताओं के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग कर सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी एवं नेताओं के छवि को धूमिल करने एवं अनुशासनहीनता तथा दल विरोधी कार्य करना प्रमुख है। यह आदेश जारी होते ही एक ओर जहां कई लोग कई तरह की चर्चा कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर संगठन में इस तरीके से अनुशासनहीनता पर कार्रवाई होने की जमकर तारीफ भी हो रही है। आम लोगों की मानें तो राजद के द्वारा इस तरीके की कार्रवाई करने से संगठन को बल मिलेगा।

# भाजपा को वंशवाद की राजनीति से नहीं, भगवा पार्टी का विरोध करने वालों से समस्या : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर ( हिंस )।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि भाजपा को वंशवाद की राजनीति से कोई समस्या नहीं है लेकिन भगवा पार्टी का विरोध करने वाले परिवारों से समस्या है। अब्दुल्ला ने श्रीनगर में संवाददाताओं से बात करते हुए लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में गठबंधन की अटकलों के बीच बिहार में चिराग पासवान के साथ भाजपा के गठबंधन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की राज ठाकरे के साथ मुलाकात का हवाला देते हुए कहा कि क्या ये परिवारवाद या पारिवारिक राजनीति के उदाहरण नहीं हैं। भाजपा को वंशवादी परिवारों से कोई समस्या नहीं है। उन्हें उन परिवारों से दिक्कत है जो उनका विरोध करते हैं और मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि मैं भाजपा का विरोध करता हूं। उन्होंने पूछा कि क्या ग्वालियर में गुना से भाजपा का उम्मीदवार (ज्योतिरादित्य सिंधिया) वंशवादी नहीं हैं? कश्मीर में तीन लोकसभा सीटों के लिए एनसी उम्मीदवारों के बारे में उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उचित समय पर नामों की घोषणा की जाएगी।

# पहली बार मना विदुषी उभय भारती का ऐतिहासिक जयंती समारोह

**सहरसा ( हिंस )।** मिथिला मैथिली की अग्रणी संस्थान चेतना समिति द्वारा राजधानी पटना में विदुषी उभय भारती का जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पांच घंटे तक चले इस कार्यक्रम की शुरुआत पल्लवी मिश्र के जय जय भैरव गोसाउनि के गीत से शुरू हुआ। निधि ने वायलिन प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विद्वानों ने सर्व प्रथम उभय भारती के फोटो पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद चेतना समिति की अध्यक्षा निशा मदन झा, सचिव उमेश मिश्र एवं सभी सदस्य गण ने विद्वानों का मंच पर पाग चादर से सम्मानित किया। साथ ही एक स्मारिका भी दिया। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए विद्वानों द्वारा द्वीप प्रज्वलित किया गया। इस जयंती समारोह में सेंट्रल यूनिवर्सिटी पूरी, ओडीशा से डॉ. उदय नाथ झा, सेंट्रल यूनिवर्सिटी




पूरी, ओडीशा से डॉ. गौर प्रिया दास, कोलकाता से पुरातत्व विभाग पूर्वी क्षेत्र के पूर्व निदेशक डॉ. फणिकांत मिश्र, महिषी गांव से शिक्षा विद सह मैथिली अभियानी दिलीप कुमार चौधरी एवं बलुआ सुपौल से प्रमील मिश्र विद्वान वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। मंच पर आयोजन समिति के तरफ से सर्वप्रथम शिक्षाविद दिलीप कुमार चौधरी को आमंत्रित किया गया। विदित हो जो पंडित मंडन मिश्र एवं उभय भारती के गांव से आए चौधरी के संबोधन को लेकर विद्यापति हाल के लोग काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। दिलीप कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा आज मुझे आत्म गौरव की अनुभूति हो रही है। साथ ही समग्र मिथिला के लोग भी इस ऐतिहासिक जयंती समारोह से आत्म सम्मान का अनुभव कर रहे होंगे। श्री चौधरी ने आगे कहा संस्कृति विश्वधारा इस वेद वाक्य को यथार्थ रूप देनेवाली महिला शक्ति का आधार है । नारी उर्जा का स्रोत है। यही देवी के रुप में प्रेरणा का बीज है। भारतीय नारी को इस अनुपम असीम अमूल्य स्वरूप को रूपांतरित करते हुए परब्रह्म भी नारी के रूप में विभिन्न अवतार ग्रहण करते हुए इसका महत्व साकार करते हैं। डॉ. उदय नाथ झा ने कहा मंडन मिश्र एवं विदुषी उभय भारती दुर्लभ व्यक्तित्व है।

# नरेंद्र मोदी ने लिखी नए भारत की कहानी : भूपेन्द्र चौधरी

**लखनऊ ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने गुरूवार को अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित सोशल मीडिया की *प्रदेश कार्यशाला* का उद्घाटन किया। कार्यशाला में प्रदेशभर के सभी जिलों के जिला संयोजक व सहसंयोजक बुलाए गए हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत की कहानी लिखी है। इस अवसर को हमें खोना नहीं है। युवाओं का आहवान करते हुए कहा कि इस बार पहला वोट इंडिया को और नरेंद्र मोदी के नाम से करना है। प्रदेश के सोशल मीडिया के संयोजक अंकित सिंह चंदेल ने बताया कि भाजपा के आईटी और मीडिया सेल के कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है। यह लोकसभा चुनावों को लेकर कार्यशाला है। इसमें लोकसभा चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं को क्या करना है उसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह व भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता उपस्थित रहे।

# राजनीतिक या गैर राजनीतिक कार्यक्रम के लिए लेनी होगी अनुमति : उपायुक्त

**धनबाद ( हिंस )।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में होली त्यौहार को लेकर गुरुवार न्यू टाउन हॉल में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू है। साथ ही पूरे धनबाद अनुमंडल में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 भी लागू है। इसलिए कोई भी राजनैतिक या गैर राजनैतिक कार्यक्रम के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करना भी अनिवार्य है। यदि आयोग के दिशा निर्देश का उल्लंघन होगा तो अनुमति लेने वाले पर जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा। उपायुक्त ने कहा कि इसलिए किसी भी कार्यक्रम के आयोजक मॉडल कोड आफ कंडक्ट के सभी नियमों को अच्छे से पढ़ ले और उसका पालन सुनिश्चित करे। उपायुक्त ने कहा कि होली के दौरान डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। इस आदेश का




उल्लंघन होने पर डीजे सप्लायर पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की भी अपील की। वहीं शांति समिति की बैठक में विधि व्यवस्था पर उठाए मुद्दे पर उपायुक्त ने कहा कि धनबाद में प्रशासन का राज चलेगा, किसी अपराधी का नहीं। उपायुक्त ने कहा कि होली के दौरान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे निस्वार्थ और निष्पक्ष होकर अवैध शराब कारोबारियों की सूचना जिला प्रशासन को दे। ऐसी सूचना पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी। स्ट्रीट लाइट की समस्या पर उपायुक्त ने नगर निगम को सभी हाई मास्ट लाइट को दुरुस्त करने और पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि होली के सथ-साथ रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है। उसका भी सभी को आदर करना है। किसी की धार्मिक भावना को आहत नहीं पहुंचे, इसका विशेष ख्याल रखना है। एसएसपी ने कहा कि त्यौहार के साथ चुनाव भी होने है। सभी को विशेष सतर्कता बरतनी है। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए पुलिस ने विशेष टीम गठित की है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले पर कठोर कार्रवाई करते हुए सीधे जेल भेजा जाएगा। किसी की पैरवी नहीं सुनी जाएगी। एसएसपी ने लोगों से संदिग्ध आचरण वाले लोगों की सूचना देने की अपील की। कहा कि लोगों को एकता दिखानी है। किसी भी अपराधी को समाज में स्थान नहीं देना है। साथ ही कहा कि सभी थाना क्षेत्र में पुलिस की रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी। जहां बड़े वाहन नहीं जा सकेंगे वहां मोटरसाइकिल से पेट्रोलिंग की जाएगी। इसमें मुख्यत: जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों को आइडेंटी कार्ड जारी करने, अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई करने, लहरिया स्टाइल में मोटरसाइकिल चलाने वाले युवाओं पर कार्रवाई करने, नाइट पेट्रोलिंग बढ़ाने, सड़क पर वाहनों में बैठकर शराब पीने वालों पर कार्रवाई करने, होली के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक उपलब्ध कराने सहित अन्य सुझाव प्राप्त हुए।

# लोकसभा चुनाव : मेरठ और गाजियाबाद में भाजपा से अरुण गोविल और कुमार विश्वास की चर्चा

**मेरठ ( हिंस )।** मेरठ लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में लोकसभा चुनाव होना है। अभी तक भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। मेरठ और गाजियाबाद से भाजपा से अरुण गोविल और कुमार विश्वास को टिकट मिलने की चर्चा चल रही है, तो भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बाहरी और स्थानीय उम्मीदवारों को ही टिकट देने की मांग उठ रही है। ऐसे में दोनों ही सीटों पर भाजपा स्थानीय दावेदारों पर ही दांव खेल सकती है। मेरठ और गाजियाबाद लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार तय करने में भाजपा को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। मेरठ से वर्तमान सांसद राजेंद्र अग्रवाल जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं और इस बार भी टिकट की रेस में सबसे आगे माने जा रहे हैं। इसके साथ ही कवि कुमार विश्वास और रामायण में श्रीराम की भूमिका निभा चुके अभिनेता अरुण गोविल का नाम भी टिकट के दावेदारों के रूप में लिया जा रहा है। मेरठ से भाजपा का टिकट चाहने वालों में कैंट विधायक अमित अग्रवाल, राज्यसभा सदस्य डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी, विनीत अग्रवाल शारदा, संजीव जैन सिक्का, डॉ. विकास अग्रवाल की दावेदारी भी चल रही है। अभी तक टिकट घोषित नहीं होने से भाजपा कार्यकर्ताओं में भी असमंजस की स्थिति है। कार्यकर्ताओं के बीच से स्थानीय नेता को ही भाजपा उम्मीदवार बनाने की मांग भी उठ रही है। ऐसा ही हाल गाजियाबाद लोकसभा सीट का है। गाजियाबाद से वर्तमान में केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह सांसद है और इस बार भी टिकट के प्रबल दावेदार है। यहां से भी कुमार विश्वास, अरुण गोविल, अनिल अग्रवाल, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह का नाम टिकट के दावेदारों में चल रहा है। 2009 से ही गाजियाबाद से बाहरी नेताओं को टिकट मिलता रहा हैं। 2009 में राजनाथ सिंह यहां से सांसद चुने गए तो 2014 और 2019 में यहां के वोटरों ने जनरल वीके सिंह को रिकॉर्ड मतों से चुनाव जिताकर संसद में भेजा था। अब गाजियाबाद से भी स्थानीय नेता को ही टिकट देने की मांग उठ रही है। भाजपा नेताओं का कहना है कि एक-दो दिन में ही पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।

# 2022 में कमेरावादी से गठबंधन था, 2024 में नहीं : अखिलेश यादव



**लखनऊ ( हिंस )।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीडिया के प्रश्नों का उत्तर देते हुए अपना दल कमेरावादी से गठबंधन चलने की बात को नकार दिया। अखिलेश यादव ने दो टूक कहा कि 2022 में कमेरावादी से गठबंधन था, 2024 में नहीं है। अखिलेश यादव के बयान के कुछ मिनटों पहले ही अपना दल कमेरावादी की नेता व विधायक पल्लवी पटेल ने कुछ लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार खड़े करने की घोषणा कर दी। पल्लवी पटेल के गठबंधन से बागी चेहरे को देखकर अखिलेश यादव पहले से नाराज रहे। इसी दौरान प्रेसवार्ता में अखिलेश से किये गए प्रश्न के उत्तर में उनकी ओर से गठबंधन टूटा हुआ बता दिया गया। उत्तर प्रदेश की फूलपुर लोकसभा सीट, कौशांबी लोकसभा सीट और मिर्जापुर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा करने के बाद पल्लवी पटेल ने कांग्रेस से सम्पर्क साधा हुआ है। कांग्रेस के नेतृत्व में बनाए गए आईएनडीआईए गठबंधन में अपना दल कमेरावादी शामिल है।

# केंद्र सरकार ने झामुमो की पूर्व विधायक सीता सोरेन को दी जेड श्रेणी की सुरक्षा

**रांची ( हिंस )।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की पूर्व विधायक सीता सोरेन को केंद्र सरकार ने जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। सीता सोरेन ने बीते 19 मार्च को झामुमो से इस्तीफा देने के तुरंत बाद दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। जेड श्रेणी में 22 कर्मियों की सुरक्षा होती है, जिसमें 4-6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मी शामिल होते हैं। झारखंड पुलिस की विशेष शाखा में राज्य सुरक्षा वर्गीकरण समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक के दौरान झारखंड के विशिष्ट, अति विशिष्ट व्यक्तियों के आसन्न खतरे की समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद जेड प्लस, जेड, वाई प्लस, वाई और एक्स कटैगरी में सुरक्षा में सभी लोगों को रखा गया है।

# गोविंद देवजी मंदिर में पुष्प फागोत्सव : फाल्गुनी भजनों पर कलाकारों की सुंदर प्रस्तुति

**जयपुर ( हिंस )।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में दो दिवसीय पुष्प फागोत्सव का जादू गुरुवार को छोटीकाशी के श्रद्धालुओं के सिर चढ़ कर बोला। राजस्थानी भाषा के फाल्गुनी भजनों पर कलाकारों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को पूरी तरह होली के रंग में रंग दिया। करीब साठ कलाकारों ने गायन और वादन से ठाकुरजी को रिझाया। राज्यपाल कलराज मिश्र भी पुष्प फागोत्सव में पहुंचे। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी, आचार्य श्रीकांत शर्मा ने गोविंद देवजी के चित्रपट, दुपट्टा, पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। श्रद्धालुओं से अटे सत्संग भवन में श्रीकांत शर्मा ने मेरो बांके बिहारी लाल खेलो सा होली....भजन सुनाकर गोविंद देव जी को और होली मं जैपर चालो दर्शन का लाभ उठाल्यो किरपा करगो म्हारो सांवरों...भजन सुनाकर उपस्थित लोगों को होली खेलने का निमंत्रण दिया। इसके बाद मुरलीधरा मनमोहना हे नंद नंदना श्री राधे माधव गाकर उपस्थित श्रद्धालुओं से संकीर्तन करवाया। राधा और सखियों ने ठाकुर जी के साथ होली मं श्याम रंग बरसावे..., उड़ गई नींदड़ली नंदलाल प्यारा फागण आयो रे... भजन पर नृत्य कर उपस्थित लोगों को अपने संग नचाया। इसके बाद उन्होंने होली का त्योहार राधिका हो जाओ तैयार आज रंग बरसा दे... भजन में कान्हा राधिका को होली खेलने के लिए तैयार करते हैं। अगले भजन में राधा कहती है- मैं हूं बिरज की छोरी श्याम मोसे खेलो न होरी....। सुंदर भजनों पर प्रियंका कुमावत, श्वेता कुमावत, वृष्टी जैन, सीमा जैन, दिव्या, नेहा ने राधा-कृष्ण और सखियों के स्वरूप में भाव प्रवण नृत्य ने एक बार फिर दर्शकों के मन पर प्रभाव छेड़ा। राधा-कृष्ण के रूठने-मनाने, हंसी-ठिठोली और हास-



परिहास के भावों को कलाकारों ने अपने चेहरे के मनोभावों से जीवंत कर दिया। राधिका कल्चरल सोसायटी की निर्देशिका रेखा सैनी के निर्देशन में एक दर्जन से अधिक युवतियों ने कृष्ण, राधा और सखियों के स्वरूप में भगवान कृष्ण की होली खेलने की मनोहारी लीलाओं का सुंदर मंचन करते भजनों पर नृत्य कर तालियां बटोरी। वहीं, विराट कृष्णा और अन्य आठ कलाकारों ने महारास, फूलों की होली और मयूर नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। मयूर नृत्य में कृष्ण भगवान तीन अलग-अलग स्वरूप में नजर आए। राहुल, राज, नितिन, आरती, अन्नू, पाखी, कशिश ने भी अभिनय की छाप छेड़ी। इससे पूर्व शेखावाटी के कलाकारों अमित कुमार, दयानंद, महेन्द्र जांगिड़ एवं अन्य ने रंग मत डारे रे सांवरिया..., चालो देखण न..., पगल्या री पायलड़ी बाजै..., कानूड़ा घड़लो म्हारो भर दे रे...जैसी धमाल ढप और चंग के साथ गायी। कपिल जांगिड़ ने बांसुरी के साथ तान मिलाई। शुक्रवार को फागोत्सव के अंतिम दिन कोलकाता के मालीराम शर्मा दोपहर एक से शाम साढ़े चार बजे तक होली पद भजनामृत अनुष्ठान के अंतर्गत फाल्गुनी भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। बृज कला मंडल के करीब 30 कलाकार बरसाना की लठमार होली और फूलों की होली की प्रस्तुतियां देंगे वहीं, शेखावाटी के एक दर्जन से अधिक कलाकार ढप और चंग की थाप पर धमाल गाकर लोगों को नचाएंगे।



# फेड ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं, इस वर्ष तीन तिमाही दर में कटौती की उम्मीद

**वाशिंगटन ।**
फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। विदेशी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार रिजर्व ने अनुमान लगाया कि मुद्रास्फीति कम होने से साल के अंत तक उधार लेने की लागत कुछ हद तक कम हो जाएगी। फेड अधिकारियों ने अपने मार्च नीति निर्णय में, ब्याज दरों को लगभग 5.3 प्रतिशत पर स्थिर रखा, जहां वे जुलाई 2023 से निर्धारित हैं।

नीति निर्माताओं ने दिसंबर के बाद पहली बार त्रैमासिक आर्थिक अनुमानों का एक नया सेट भी जारी किया और अनुमान लगाया कि उधार लेने की लागत 2024 में 4.6 प्रतिशत पर समाप्त हो जाएगी। उस अपरिवर्तित पूर्वानुमान से पता चलता है कि वे अभी भी इस वर्ष तीन तिमाही दर में कटौती की उम्मीद करते हैं।

### विकास और मुद्रास्फीति पर असर पड़ने की उम्मीद

फेड नीति निर्माता इस महीने तक पूरे दो वर्षों से तेजी से मुद्रास्फीति से जूझ रहे हैं। हालांकि, उन्हें हालिया प्रगति से प्रोत्साहित किया गया है, वे अभी तक मूल्य वृद्धि पर जीत की घोषणा करने के लिए तैयार नहीं हैं। यह देखते हुए, वे ब्याज दरों को उच्च स्तर पर रख रहे हैं, जिससे विकास और मुद्रास्फीति पर असर पड़ने की उम्मीद है, भले ही वे संकेत देते हैं कि एनवाईटी के अनुसार, आने वाले महीनों में दरों में कटौती की संभावना है।

केंद्रीय बैंकर अर्थव्यवस्था को नरम स्थिति की ओर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वे ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा रखें ताकि मूल्य वृद्धि को पूरी तरह से नियंत्रण में लाया जा सके, लेकिन वे इसे ज्यादा करने और मंदी का कारण बनने से भी बचना चाहते हैं।

फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया, यहां जोखिम वास्तव में दोतरफा हैं, हम ऐसी स्थिति में हैं, जहां अगर हम बहुत अधिक या बहुत जल्द ढील देते हैं, तो हम मुद्रास्फीति को वापस आते हुए देख सकते हैं।

फेड अधिकारियों ने अपने मार्च नीति निर्णय में, ब्याज दरों को लगभग 5.3 प्रतिशत पर स्थिर रखा, जहां वे जुलाई 2023 से निर्धारित हैं। नीति निर्माताओं ने दिसंबर के बाद पहली बार त्रैमासिक आर्थिक अनुमानों का एक नया सेट भी जारी किया और अनुमान लगाया कि उधार लेने की लागत 2024 में 4.6 प्रतिशत पर समाप्त हो जाएगी।

## पेटीएम की यूपीआई सेवाएं पहले की तरह करेंगी काम, कंपनी ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी




**नई दिल्ली ।** पेटीएम ने अपने सभी ग्राहकों और शेयरधारकों को विश्वास दिलाया है कि पेटीएम की यूपीआई सेवाएं पहले की तरह संचालित होती रहेंगी। दरअसल नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्यूनिकेशन को विभिन्न बैंकों के साथ थर्ड पार्टी एप्लीकेशन प्रोवाइडर के रूप में मंजूरी दे दी है। जिसके तहत कंपनी की यूपीआई सेवाएं पहले की तरह संचालित होती रहेंगी। ये चार बैंक पेटीएम के पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर के रूप में काम करेंगे कंपनी ने बताया कि चार बैंक (एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यस बैंक) वन97 कम्यूनिकेशन के पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर (भुगतान सेवा प्रदाता) के रूप में काम करेंगे। यस बैंक वन97 कम्यूनिकेशन के लिए मौजूदा और नए व्यापारिक भुगतान के लिए व्यापारी अधिग्रहण बैंक के रूप में काम करेगा। व्यापारी अधिग्रहण बैंक सेवा के तहत पेटीएम हैंडल ग्राहकों को यस बैंक के लिंक पर लेकर जाएगा, जिसकी मदद से यूजर्स और व्यापारी सभी लोग पेटीएम की यूपीआई और ऑटोपे जैसे सेवाओं का बिना किसी परेशानी के इस्तेमाल जारी रख सकेंगे। कंपनी ने सोशल मीडिया के जरिए दी जानकारी पेटीएम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी। कंपनी ने लिखा कि हां, आप पेटीएम यूपीआई हैंडल की सेवाएं बिना किसी परेशानी के जारी रख सकेंगे। पेटीएम यूपीआई हैंडल को विभिन्न बैंक खातों से जोड़ दिया गया है। हैंडल के बदलाव के लिए हम जल्द ही अपने ग्राहकों को एक विकल्प प्रदान करेंगे।

## 69.2 करोड़ महिलाओं में से 37 प्रतिशत को मिला रोजगार, हैदराबाद सहित ये शहर हैं सबसे आगे

**नई दिल्ली।** देश में करीब 69.2 करोड़ महिलाओं की आबादी में से लगभग 37 फीसदी सक्रिय रूप से



काम कर रही हैं। करिअर नेट की रिपोर्ट के अनुसार, हैदराबाद, पुणे और चेन्नई जैसे शहर महिला रोजगार के मामले में शीर्ष पर हैं। 2022 की तुलना में 2023 में जूनियर स्तर पर और कंपनियों के बोर्ड में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में 2-5 फीसदी की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में कॉलेजों से निकली प्रतिभाओं में से 40 फीसदी महिलाएं थीं। तीन और सात वर्ष के अनुभव वाली महिला उम्मीदवारों का कुल नियुक्तियों का 20-25 फीसदी है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर को छोड़कर देश के अधिकांश प्रमुख शहरों में महिलाओं की नियुक्ति अनुपात में मामूली वृद्धि हुई है। सबसे आगे हैदराबाद, दिल्ली-एनसीआर में गिरावट हैदराबाद 34 फीसदी नियुक्ति दर के साथ सबसे आगे है। पुणे में यह दर 33 फीसदी और चेन्नई में 29 फीसदी है। दिल्ली-एनसीआर में 20 फीसदी की गिरावट देखी गई है। यह रिपोर्ट 25,000 नौकरी प्लेसमेंट के विश्लेषण के साथ तैयार की गई है। बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं में ज्यादा भर्तियां विश्लेषण से पता चला है कि बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा में महिलाओं की भर्ती का रुझान बढ़ा है। जहां शहरी आबादी में 30 फीसदी संगठित क्षेत्र में नियुक्त हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्र से 5 फीसदी ही हैं।

## जून में आरबीआई की बैठक में रेपो रेट में हो सकती है कटौती, जमा पर कम हो जाएगा रिटर्न

**नई दिल्ली ।** ऊंची ब्याज दरों का फायदा अब वरिष्ठ नागरिकों को भी मिल रहा है। करीब आठ ऐसे स्मॉल




फाइनेंस बैंक ऐसे हैं जो सावधि जमा (फिक्स्ड डिपॉजिट) पर 9.5 फीसदी तक ब्याज दे रहे हैं। ऐसे में इन नागरिकों के लिए ऊंची ब्याज दर पर लंबे समय के लिए पैसा फिक्स करने का यह बेहतर अवसर है। विश्लेषकों के मुताबिक, आगे चलकर जून से दरों में कटौती होने की उम्मीद है। ऐसे में जमा पर ब्याज दरें भी घटने लगेंगी। इस समय चूंकि रेपो रेट अपने कई साल के उच्च स्तर पर है, साथ ही उधारी की मांग भी बहुत ज्यादा है, इसलिए बैंक ज्यादा ब्याज दे रहे हैं। बड़े बैंकों की दर 7.85 फीसदी तक वैसे बड़े बैंक भी इस समय आम जमाकर्ताओं को 7.85 फीसदी तक ब्याज दे रहे हैं। हालांकि, वरिष्ठ नागरिकों के लिए इससे ज्यादा दर है। एक्सिस बैंक जहां एक साल की अवधि पर 7.85 फीसदी ब्याज दे रहा है, वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा 7.25 फीसदी तक ब्याज दे रहा है। यह दरें अलग-अलग अवधि पर हैं। छोटे बैंकों में ईएएसएफ और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक भी वरिष्ठ नागरिकों को 8.75 फीसदी तक ब्याज दे रहे हैं।

### विज्ञापन केस में पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी

# कहा- ऐसे ऐड नहीं दिखाएंगे ; कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को 2 अप्रैल को तलब किया है

**नई दिल्ली ।**
सुप्रीम कोर्ट ने चल रहे पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले दवा विज्ञापन मामले में अब कंपनी ने कोर्ट से अपनी गलती की माफी मांगी है। पतंजलि आयुर्वेद और उसके आचार्य बालकृष्ण ने गुमराह करने वाले भ्रामक दवा विज्ञापन देने के लिए सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। इस माफीनामे में विज्ञापन को फिर से प्रसारित न करने का भी वादा किया गया है। आचार्य बालकृष्ण का कहना है कि कंपनी के मीडिया विभाग को सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जानकारी नहीं थी। उनका कहना है कि इसका उद्देश्य नागरिकों को पतंजलि के प्रोडक्ट का उपभोग करके स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करना था।



**सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण को पेश होने का दिया था आदेश** - कोर्ट ने 2 अप्रैल को पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले दवा विज्ञापन मामले में स्वामी रामदेव (पतंजलि के को-फाउंडर) और पतंजलि के आचार्य बालकृष्ण को कोर्ट में पेश होने को कहा है। कंपनी और आचार्य बालकृष्ण ने नोटिस का जवाब दाखिल नहीं किया, जिसकी वजह से यह आदेश जारी किया गया था। अब उन्हें अगली तारीख पर कोर्ट में पेश होना पड़ सकता है। कोर्ट ने 19 मार्च को हुई सुनवाई में नोटिस जारी कर ये भी पूछा था कि उनके खिलाफ क्यों न अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए। जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई कर रहे हैं। इससे पहले 27 फरवरी को इस मामले की सुनवाई हुई थी। 27 फरवरी की सुनवाई में कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले दवा विज्ञापनों पर रोक लगाई थी। इसके अलावा अवमानना कार्यवाही में कारण बताओ नोटिस जारी किया था। दरअसल, कोर्ट ने पिछले साल भ्रामक विज्ञापन जारी नहीं करने का निर्देश दिया था, लेकिन कंपनी ने इसे नजरअंदाज किया।

**इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई कर रही कोर्ट** - सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से 17 अगस्त 2022 को दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया है कि पतंजलि ने कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी के खिलाफ निगेटिव प्रचार किया। वहीं खुद की आयुर्वेदिक दवाओं से कुछ बीमारियों के इलाज का झूठा दावा किया।

**कोर्ट के आदेश के बाद भी पतंजलि ने जारी किए थे विज्ञापन** - इससे पहले हुई सुनवाई में आईएमए ने दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 में प्रिंट मीडिया में जारी किए गए विज्ञापनों को कोर्ट के सामने पेश किया। इसके अलावा 22 नवंबर 2023 को पतंजलि के सीईओ बालकृष्ण के साथ योग गुरु रामदेव की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के बारे में भी बताया। पतंजलि ने इन विज्ञापनों में मधुमेह और अस्थमा को पूरी तरह से ठीक करने का दावा किया था। ये प्रेस कॉन्फ्रेंस सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के ठीक एक दिन बाद की गई थी। 21 नवंबर 2023 को हुई सुनवाई में जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा था- पतंजलि को सभी भ्रामक दावों वाले विज्ञापनों को तुरंत बंद करना होगा। कोर्ट ऐसे किसी भी उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेगा और हर एक प्रोडक्ट के झूठे दावे पर 1 करोड़ रुपए तक जुर्माना लगा सकता है।

**कोर्ट ने कहा था- पतंजलि भ्रामक दावे करके देश को धोखा दे रही है** - पिछली सुनवाई में बेंच ने कहा था- पतंजलि भ्रामक दावे करके देश को धोखा दे रही है कि उसकी दवाएं कुछ बीमारियों को ठीक कर देंगी, जबकि इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं है। पतंजलि ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) एक्ट में बताई गई बीमारियों के इलाज का दावा करने वाले अपने प्रोडक्ट्स का विज्ञापन नहीं कर सकती।

**कोर्ट ने सरकार से पूछा था- आपने पतंजलि पर क्या कार्रवाई की** - कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि पतंजलि के विज्ञापनों के खिलाफ ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम 1954 के तहत क्या कार्रवाई की गई है। केंद्र की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि इस बारे में डेटा इकट्ठा किया जा रहा है। कोर्ट ने इस जवाब पर नाराजगी जताई और कंपनी के विज्ञापनों पर नजर रखने का निर्देश दिया।

**कोविड की दवा बनाने के दावे को लेकर घिरी थी पतंजलि** - रामदेव बाबा ने दावा किया था कि उनके प्रोडक्ट कोरोनिल और स्वसारी से कोरोना का इलाज किया जा सकता है। इसके अलावा भी पतंजलि अपने कुछ अन्य प्रोडक्ट्स को लेकर विवादों में रही है। 2015 में कंपनी ने इंस्टेंट आटा नूडल्स लॉन्च करने से पहले फूड सेफ्टी एंड रेगुलेरिटी अथॉरिटी ऑफ इंडिया से लाइसेंस नहीं लिया था।

## देश में तेजी से बढ़ रहा गेमिंग बाजार अमेरिका की गेम डेवलेपर्स कॉन्फ्रेंस में पहली बार भारत का पेवेलियन




**वॉशिंगटन ।**
अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में गेम डेवलेपर्स कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। खास बात ये है कि पहली बार इसमें भारत का भी पेवेलियन है। यह भारत और अमेरिका के बढ़ते संबंधों को दिखाता है। यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम के सहयोग से गेम डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस में भारत के पेवेलियन का उद्घाटन किया गया है। फोरम के अध्यक्ष मुकेश अघी ने बताया कि भारत पेवेलियन का उद्घाटन भारत-अमेरिका के संबंधों में मील का पत्थर है।

### देश में तेजी से बढ़ रही गेमिंग इंडस्ट्री

गेम डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस में भारत के पेवेलियन का उद्घाटन किया गया। साथ ही इस दौरान इंडिया गेमिंग मार्केट रिपोर्ट भी जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का गेमिंग मार्केट साल 2023 में 3.1 अरब डॉलर था, जिसके साल 2028 तक 6 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कार्यक्रम में सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूत के श्रीकर रेड्डी भी समेत कई अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। रेड्डी ने कहा कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में काफी संभावनाएं हैं।

### देश में 56 करोड़ ऑनलाइन गेम खेलने वाले लोग

इंडिया गेमिंग मार्केट की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अभी ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में एक लाख लोग काम करते हैं और आने वाले दशक में इस सेक्टर में ढाई लाख नौकरियां पैदा होने का अनुमान है। भारत में साल 2023 में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 88 करोड़ थी, जिसके साल 2028 तक 1.2 अरब डॉलर पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2023 में ऑनलाइन गेम खेलने वाले लोगों की संख्या करीब 56 करोड़ थी, जो 2028 तक बढ़कर 89 करोड़ हो जाएगी। भारत में साल 2015 में सिर्फ 25 गेमिंग कंपनियां थीं, जो साल 2023 में बढ़कर 1400 हो गई हैं। भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा मोबाइल गेम एप डाउनलोड किए जाते हैं।

## ईडी ने एआईएडीएमके नेता विजय भास्कर के ठिकानों पर की छापेमारी, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई कार्रवाई

**चेन्नई ।**
केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने एआईएडीएमके नेता और तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सी.विजयभास्कर के ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी की कार्रवाई ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े दो मामलों में 25 ठिकानों पर छापेमारी की।

### एआईएडीएमके सरकार में मंत्री रह चुके हैं विजयभास्कर

विजयभास्कर एआईएडीएमके की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रह चुके हैं और तमिलनाडु की पुडुकोट्टई से पार्टी के शीर्ष नेता हैं। साल 2022 में तमिलनाडु की विजिलेंस टीम ने विजयभास्कर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच की थी। विजिलेंस की जांच के आधार पर ही ईडी ने एआईएडीएमके नेता के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई की। इससे पहले साल 2022 में भी विजयभास्कर के खिलाफ गुटखा घोटाले में मामला दर्ज हुआ था। ईडी ने जिन ठिकानों पर छापेमारी की, उनमें रियल एस्टेट ग्रुप जीसक्वायर के चेन्नई स्थित ठिकाने भी शामिल हैं। रांची में भी ईडी की छापेमारी ईडी ने झारखंड में भी छापेमारी की। ईडी ने झारखंड कांग्रेस के नेता लाल मोहित शाहदेव और



झारखंड पुलिस की एक महिला दारोगा के ठिकानों पर छापेमारी की। दोनों के आवास रांच के तुपुदाना इलाके में हैं। झारखंड के जमीन से जुड़े घोटाले की जांच में दोनों के खिलाफ ईडी को कथित तौर पर सबूत मिले हैं। ईडी ने बिहार के भोजपुर, बक्सर जिले में ब्रह्मपुर विधानसभा के राजद विधायक शंभूनाथ सिंह और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी आरा-बक्सर हाइवे पर अमराई नवादा स्थित होटल और पेट्रोल पंप पर एक साथ छापेमारी की गई।

## नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने मांगा 24वां बेलआउट पैकेज, आईएमएफ ने मामले पर कहा

**इस्लामाबाद ।**
नकदी संकट से जूझ रहा पाकिस्तान दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधार के तहत स्थायी प्रोत्साहन के लिए 24वें मध्यम अवधि के बेलआउट पैकेज की मांग कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष(आईएमएफ) ने इसकी जानकारी दी। जारी बयान के मुताबिक, पिछले साल जुलाई में स्वीकृत आईएमएफ की तीन अरब अमेरिकी डॉलर की स्टैंडबाय व्यवस्था द्वारा समर्थित पाकिस्तान के स्थिरीकरण कार्यक्रम की दूसरी और अंतिम समीक्षा पर पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ कर्मचारी स्तर के समझौते पर पहुंची है।

**पाकिस्तान में आर्थिक सुधार पर जोर** - पिछले कार्यक्रमों की तरह चार केंद्रीय क्षेत्र सुधारों पर ध्यान केंद्रित रहेंगे। लगभग 36 से 39 महीनों के अगले मध्यम अवधि के कार्यक्रम विस्तारित फंड सुविधा का शीर्ष उद्देश्य सार्वजनिक वित्त को मजबूत करना होगा, जिसमें राजकोषीय समेकन और कर आधार को व्यापक बनाना शामिल है।

**चार केंद्रीय क्षेत्र सुधारों पर मुख्य फोकस** - अगले कार्यक्रम का दूसरा उद्देश्य लागत कम करने वाले सुधारों में तेजी लाकर ऊर्जा क्षेत्र की व्यवहार्यता को बहाल करना होगा। तीसरा मुख्य उद्देश्य मुद्रास्फीति को लक्ष्य पर लौटाना है, अधिक पारदर्शी लचीले विदेशी मुद्रा बाजार के साथ बाहरी पुनर्संतुलन और विदेशी मुद्रा भंडार के पुनर्निर्माण का समर्थन करना है। चौथा और अंतिम महत्वपूर्ण उद्देश्य




निजी नेतृत्व वाली गतिविधि को बढ़ावा देना होगा, साथ ही क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार के लिए राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों (एसओई) सुधारों को आगे बढ़ाना और मानव में निवेश को बढ़ाना होगा।

**पाकिस्तान की आर्थिक और वित्तीय स्थिति में हुआ सुधार- नाथन** - पाकिस्तान में आईएमएफ मिशन प्रमुख, नाथन ने कहा कि पहली समीक्षा के बाद के महीनों में पाकिस्तान की आर्थिक और वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है। नीति प्रबंधन, बहुपक्षीय और द्विपक्षीय भागीदारों से प्रवाह की बहाली के कारण विकास और आत्मविश्वास में सुधार जारी है।

# लोकसभा चुनाव के बाद बाजार में आ सकता है 100 अरब डॉलर का विदेशी निवेश, जेपी मॉर्गन ने कही यह बात

**नई दिल्ली ।**
देश में आम चुनावों के बाद शेयर बाजार में 100 अरब डॉलर का निवेश विदेशी निवेश आ सकता है। जेपी मॉर्गन ने कहा कि अर्थव्यवस्था की आशाजनक विकास संभावनाओं और अमेरिका के फेडरल रिजर्व की दर में कटौती की संभावना के चलते भारतीय बाजार आकर्षक बना हुआ है।

जेपी मॉर्गन के एक अधिकारी ने कहा, भारत के 4.3 लाख करोड़ डॉलर वाले शेयर बाजार में वैश्विक फंड की स्थिति हल्की बनी हुई है। निवेशक बाजार के किसी भी सुधार को होल्डिंग बढ़ाने के अवसर के रूप में उपयोग करेंगे। विदेशी निवेशक पिछले दो ढाई साल से अपने निवेश को बहुत ज्यादा नहीं बढ़ाए हैं। वे एक स्पष्ट और मजबूत अवसर के इंतजार में हैं। विदेशी निवेशक विकास आधारित नीतियों या सुधारों के आधार पर बाजार में निवेश बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में इस पर ज्यादा जोर दिया जा सकता है। इसलिए चुनावों के बाद नई सरकार के आने पर विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में अच्छा खासा निवेश कर सकते हैं।



### गोल्डमैन का भी निवेश का अनुमान

जेपी मॉर्गन से पहले गोल्डमैन सैश ने भी कहा है कि नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने से इस दशक में भारत तेज विकास करेगा। मोदी सरकार ने बाजार-अनुकूल नीतियों को जारी रखने, बुनियादी ढांचे पर खर्च करने और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने का वादा किया है।

### भारत सबसे आगे रहेगा

कई निवेशकों का तर्क है कि अर्थव्यवस्था की बेहतर विकास संभावनाओं और राजनीतिक स्थिरता को देखते हुए भारत दूसरे उभरते बाजारों की तुलना में आगे रह सकता है। गोल्डमैन के एशिया के इक्विटी रणनीतिकार सुनील कौल ने कहा, वैश्विक फंड भारत में निवेश बढ़ाने के इच्छुक हैं। बेहतर अवसर की तलाश में हैं। हमें उम्मीद है कि साल के उत्तरार्ध में विदेशी प्रवाह बढ़ेगा, क्योंकि चुनाव हो चुका होगा। साथ ही, केंद्रीय बैंक दरों को घटाएंगे। डॉलर भी रुपया की तुलना में कमजोर होगा।

### 763 अरब डॉलर है विदेशी निवेशकों का हिस्सा

जेपी मॉर्गन के अधिकारी ने कहा, भारतीय बाजार के लिए अपने उच्च मूल्यांकन को बनाए रखने के लिए नीतिगत निरंतरता जरूरी है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड के आंकड़ों के मुताबिक फरवरी के अंत तक विदेशी निवेशकों की भारतीय शेयरों में हिस्सेदारी 763 अरब डॉलर थी।

### दूसरी छमाही से निवेश में रहेगा उतार-चढ़ाव

पिछले साल की दूसरी छमाही से विदेशी निवेश में उतार-चढ़ाव है। लगातार तेजी से बाजार का मूल्यांकन ज्यादा हो गया है। एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स 2023 में रिकॉर्ड आठ साल की तेजी को इस साल गंवा सकता है।

## बंगाल में टीएमसी सरकार के मंत्री के भाई के घर आयकर की छापेमारी; कर चोरी मामले में कार्रवाई

**कोलकाता ।** लोकसभा चुनाव से पहले आयकर विभाग ने तृणमूल कांग्रेस के नेता स्वरूप विश्वास के आवास पर छापेमारी की। स्वरूप पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार में मंत्री के भाई हैं। अधिकारी ने बताया कि छापेमारी 12 घंटे से अधिक समय से जारी है। कार्रवाई दो रियल एस्टेट कंपनियों की ओर से कथित कर चोरी को लेकर की जा रही है। आयकर अधिकारी ने बताया कि आयकर विभाग के अधिकारी कोलकाता में स्वरूप विश्वास से जुड़े पांच स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहे हैं। जहां तलाशी अभियान चल रहा है, उनमें से कुछ न्यू अलीपुर और बेहाला इलाके में हैं। स्वरूप विश्वास मंत्री अरूप विश्वास के भाई हैं। अधिकारी ने कहा कि तलाशी अभियान दो रियल एस्टेट समूहों की कर चोरी और आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोपों की जांच के संबंध में चलाया जा रहा है। जांच के दौरान अधिकारियों को फर्जी कंपनियों का पता चला है।



# भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार, अनुराग ठाकुर ने फिर भरी हुंकार

**नई दिल्ली।**

**भारतीय खिलाड़ी भले ही इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटे हों, लेकिन भारत सरकार ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की तैयारियां शुरू कर दी है। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत 2030 में यूथ ओलंपिक और 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा।**

### बोली शुरू होने का इंतजार

अनुराग ठाकुर ने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में कहा कि जिस पल इसके लिए बोली शुरू होगी, भारत ओलंपिक की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार रहेगा।

उन्होंने कहा, हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति हैं और हम उन देशों में हैं जहां युवाओं की ताकत काफी है। खेल के लिए भारत से बड़ा बाजार और कोई नहीं है।

भारत 2030 यूथ ओलंपिक और 2026 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की मेजबानी करने के लिए तैयार है। विदेशी प्रशंसकों ने की थी धर्मशाला स्टेडियम की तारीफ खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हाल ही में भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच को देखने के लिए इंग्लैंड से चार हजार से ज्यादा विदेशी प्रशंसक आए थे और उन्होंने यहां मौजूद इस खूबसूरत स्टेडियम की सराहना की थी।

### पेरिस के बाद लॉस एंजिल्स और ब्रिसबेन में होंगे ओलंपिक

इस साल जुलाई–अगस्त में ओलंपिक का आयोजन फ्रांस के पेरिस शहर में आयोजित होगा। इसके लिए वहां तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसके बाद इन खेलों की मेजबानी 2028 में लॉस एंजिल्स और 2032 में ब्रिसबेन को करनी है।

## न्यूज ब्रीफ

### विस्फोटक है दिल्ली कैपिटल्स का शीर्ष क्रम : चोपड़ा

**नई दिल्ली** । पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स टीम का शीर्ष क्रम बेहद अच्छा है और उसके पास कई आक्रामक बल्लेबाज है। चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर कहा, उनके पास विनाशकारी शीर्ष क्रम है। पृथ्वी शॉ सिर्फ हिट करते हैं। उन्होंने एक ओवर में छह चौके भी लगाए हैं। उन्होंने शिवम मावी के खिलाफ ऐसा किया था। सा ही कहा कि पिछले साल से इस साल तक चीजें बहुत बदल गई हैं। अगर डेविड वार्नर हिट करना चाहते हैं, वह ऐसा बहुत अच्छे से करता है। उसने पिछले साल ऐसा करने का मन नहीं बनाया था। इसके साथ ही मिशेल मार्श और ऋषभ पंत की मौजूदगी से भी दिल्ली के बल्लेबाजी क्रम को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, मिशेल भी बेहद तेजी से खेलते हैं। उसके बाद ऋषभ पंत हैं जो अपने आतिशी तूफानी अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वहीं अगर मैं ट्रिस्टन स्टब्स को नंबर 5 पर रखता हूं, तो उनकी बल्लेबाजी भी सभी को हैरान कर देती है। ऐसे में देखा जाये तो शीर्ष पांच बल्लेबाज मन को झकझोर देने वाले हैं। आईपीएल सत्र 22 मार्च शुरू होगा जिसमें दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स से होगा। दिल्ली कैपिटल्स की टीम : ऋषभ पंत (कप्तान), प्रवीण दुबे, डेविड वार्नर, विक्की ओस्टवाल, पृथ्वी शॉ, एनरिक नॉर्टजे, अभिषेक पोरेल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, ललित यादव, खलील अहमद, मिशेल मार्श, ईशांत शर्मा, यश ढुल, मुकेश कुमार, हैरी ब्रूक, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, शाई होप, स्वास्तिक छिकारा।



### आईपीएल के आगाज से पहले कमिंस ने भरी हुंकार

**नई दिल्ली**। आईपीएल 2016 की चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद के नए कप्तान पैट कमिंस चाहते हैं कि इस बार उनकी टीम आक्रामक क्रिकेट खेले। सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी पहले एडेन मार्कराम के पास थी, लेकिन आईपीएल 2023 में 14 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे रहने वाली हैदराबाद को बदलाव के दौर से गुजरना पड़ा। कमिंस के लिए 2023 शानदार रहा, जिसने उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाया। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीतना, इंग्लैंड में एशेज बरकरार रखना और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के रूप में रिकॉर्ड छठे वनडे विश्व कप ट्रॉफी पर कब्जा जमाना उनकी नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। पिछले साल दुबई में आईपीएल नीलामी में, कमिंस को फ्रेंचाइजी ने 20.5 करोड़ रुपये की मोटी रकम देकर खरीदा था, जिससे वह लीग के इतिहास में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। इसके बाद, हैदराबाद ने कमिंस को अपना कप्तान बनाया, जिससे आईपीएल में वो पहली बार कप्तानी करते दिखेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद को डैनियल विटोरी द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए सहायक कोच के रूप में काम करते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने आईपीएल 2024 अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद वे अपना पहला घरेलू मैच 27 मार्च को राजीव गांधी अंतर्राष्टीय स्टेडियम में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेंगे। कमिंस ने कहा, मुझे लगता है कि हमारे पास एक बेहतरीन मिश्रण है। हमारे पास भुवी (भुवनेश्वर कुमार) और एडेन मार्कराम जैसे कुछ और अनुभवी खिलाड़ी हैं। साथ ही हमारे पास कई शानदार युवा खिलाड़ी भी हैं। मैं अभिषेक, उमरान मलिक जैसे युवा लड़कों को देखने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इसलिए, मुझे लगता है कि प्रशंसकों को आने वाले सीजन के लिए काफी उत्साहित होना चाहिए, क्यों उन्हें कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।



### मुंबई इंडियंस ने दिलशान की जगह 17 साल के तेज गेंदबाज मफाका को शामिल किया, वंडर ब्वॉय के नाम से मशहूर हैं मफाका

**मुम्बई** । मुंबई इंडियंस ने युवा दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को 2024 आईपीएल सत्र के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। मुंबई ने वंडर ब्वॉय के नाम से मशहूर हुए 17 साल के मफाका को चोटिल श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका की जगह पर रखा है। ऐसे में मफाका पहली बार आईपीएल में खेलते हुए नजर आयेंगे। बाएं हाथ के इस युवा तेज गेंदबाज ने इस वर्ष अंडर 19 विश्वकप में अपनी घातक गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया था। मफाका अपने ही देश के अनुभवी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा की तरह दिखते हैं। जिससे उनका नाम 'बेबी रबाडा' पड़ गया है। मफाका सटीक लाइन लेंथ से गेंदबाजी करने के कारण बल्लेबाजों के लिए मुसीबत बन जाते हैं। के लिए जाने जाते हैं. वह वर्ल्ड क्रिकेट में तेजी से उभरते हुए एक बेहतरीन तेज गेंदबाज हैं वहीं श्रीलंकाई गेंदबाज दिलशान बांग्लादेश के खिलाफ समाप्त हुई एकदिवसीय सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। मुंबई इंडियंस ने उन्हें आईपीएल नीलामी में 4.6 करोड रुपए में खरीदा था। मफाका ने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है पर अंडर 19 विश्व कप में उसने 9.71 की औसत से 21 विकेट लिए थे और इसी कारण उसे टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड भी मिला था।

# ओलंपिक क्वालिफायर में महिला पहलवानों के साथ जाएंगी दो महिला कोच, 27 मार्च से लगेगा शिविर

**नई दिल्ली।**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से बहाली के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ ने 11 अप्रैल से होने जा रही एशियाई चैंपियनशिप और 19 अप्रैल से शुरू हो रहे एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर के लिए महिला पहलवानों की टीम के साथ दो महिला प्रशिक्षकों को भेजने का फैसला लिया है। यही नहीं महासंघ ने तदर्थ समिति की ओर से नियुक्त प्रशिक्षकों की जगह पुराने प्रशिक्षकों को भी वापस बुला लिया है। इन दोनों टूर्नामेंट में पुरुष फ्रीस्टाइल टीम के चीफ कोच ओलंपियन जगमिंदर सिंह, महिला टीम के विरेंदर कुमार और ग्रीको रोमन टीम के मुख्य प्रशिक्षक हरगोविंद सिंह होंगे। टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए 27 मार्च से पुरुष पहलवानों का शिविर सोनीपत और महिला पहलवानों का गांधीनगर या एनआईएस पटियाला में लगाया जाएगा।



### विनेश समेत ट्रायल में जीते पहलवानों की एंट्री भेजी

कुश्ती महासंघ ने पुरुष फ्रीस्टाइल टीम के साथ द्रोणाचार्य अवार्डी जगमिंदर, विनोद कुमार और अनिल मान, ग्रीको रोमन टीम के साथ हरगोविंद, अनिल कुमार, विक्रम शर्मा और महिला टीम के साथ विरेंदर कुमार के अलावा महिला कोच मंजीत रानी और सोनिया मोर को नियुक्त किया है। महिला पहलवानों के शिविर के लिए साई को गांधीनगर या एनआईएस पटियाला का प्रस्ताव दिया गया है। इन दोनों स्थानों पर शिविर नहीं लगने की स्थिति में साई सेंटर भोपाल के लिए प्रयास किया जाएगा। कुश्ती महासंघ ने हाल ही में इन दोनों टूर्नामेंट के लिए हुए चयन ट्रायल के विजेताओं की एंट्री भेज दी है। इनमें 50 भार वर्ग में विनेश फोगाट का नाम भी शामिल है।

### एथलीट कमीशन के चुनाव 24 अप्रैल से

आईओए के कहने पर महासंघ एथलीट कमीशन का चुनाव फेडरेशन कप के दौरान छत्तीसगढ़ में 24–25 अप्रैल को कराने जा रहा है। प्रत्येक राज्य संघ से दो एथलीट सात पदों के लिए नामांकन भरेंगे। सात पदों में दो महिलाओं का होना अनिवार्य है। अभी तक लंदन ओलंपिक के पदक विजेता योगेश्वर दत्त एथलीट कमीशन के चेयरमैन थे, लेकिन यूडब्ल्यूडब्ल्यू के नियम के अनुसार कमीशन का चुनाव मौजूदा या फिर बीते चार वर्ष में खेलने वाला पहलवान ही लड़ सकता है। ऐसे में वह चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। महासंघ ने यह भी साफ कर दिया है कि राज्य संघों के चुनाव खेल संहिता के अनुसार कराए जाएंगे।

### रोहित के अभ्यास के लिए पहुंचते ही गले मिले हार्दिक

**मुम्बई** । आईपीएल 2024 के लिए रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाये जाने के बाद से ही इन दोनो खिलाड़ियों में दूरियां आने की बातें कहीं जा रहीं थीं जो गलत साबित हुई हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता हैं कि जब रोहित मुम्बई टीम के अभ्यास सत्र के लिए पहुंचे तो हार्दिक उनसे गले मिले। मुंबई इंडियंस ने इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। यह वीडियो मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र का है। इसमें मुम्बई के सभी खिलाड़ी खड़े हैं। इस दौरान पंड्या ने रोहित को देखा तो उनसे मिलने के लिए चले गए। रोहित पहले हाथ मिलाना चाहते थे पर पंड्या ने उन्हें सीधे गले लगा लिया। पंड्या और रोहित के इस पूरे वाकये का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। रोहित ने इस दौरान इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टेस्ट सीरीज के दौरान डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने इन युवा क्रिकेटरों के साथ खेलने का भरपूर आनंद उठाया। विराट सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में 5 युवा खिलाड़ियों रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, आकाश दीप और देवदत्त पडिक्कल ने इस सीरीज से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। रोहित ने सोशल मीडिया पर कहा, 'व्यक्तिगत रूप से मुझे इनके साथ काम करके बहुत मजा आया जितने भी युवा लड़के थे, सब काफी हंसमुख थे। इनमें से अधिकतर को मैं अच्छी तरह से जानता था तथा मुझे उनके मजबूत पक्षों के बारे में पता था। मैं जानता था कि वह किस तरह से खेलना चाहते हैं। मेरा काम केवल उन्हें सहज बनाए रखना था। जिस तरह से उन्होंने मेरी और कोच राहुल द्रविड़ की उम्मीदों को पूरा किया, वह शानदार था।' मुंबई इंडियंस इस सत्र में अपना पहला मुकाबला 24 मार्च को गुजरात टाइटंस से खेलेगी।

# आईपीएल में वापसी कर रहे स्टार्क पर रहेंगी नजरें



**नई दिल्ली** ।

आईपीएल सत्र में इस बार कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क पर सबकी नजरें रहेंगी। इसका कारण है कि स्टार्क अब तक के आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। स्टार्क को ऐसे ही नहीं मिल गयी इतनी बड़ी रकम। इससे पहले उनपर 99 बार बोली लगी थी। वहीं अंतिम बोली केकेआर ने सबसे ज्यादा 24.75 करोड़ रुपये की लगायी थी। स्टार्क अब 8 साल बाद आईपीएल में खेलते नजर आएंगे। उन्होंने अंतिम बार रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की ओर से साल 2015 में खेला था। इसके बाद से ही वह अलग–अलग कारणों से इस लीग से बाहर थे। वह कभीऑस्ट्रेलियन टीम की ओर से व्यस्त रहने के साथ ही चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर थे। साल 2028 में केकेआर ने उन्हें 9.40 करोड़ में खरीदा था पर वह चोटिल होने के कारण मैदान पर नहीं उतरे थे। ऐसे में स्टार्क पर आईपीएल के इस सत्र में बहुत दबाव भी रहेगा। वहीं ये भी कहा जाता है कि स्टार्क दबाव में ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। विश्वकप में ये सामने आया है। भारत में खेले गए इस विश्व कप के लीग मैचों में स्टार्क लय में नहीं थे पर नॉकआउट मैचों से सेमीफाइनल और फाइनल में उन्होंने जबरदस्त गेंदबाजी की। अब जब केकेआर की टीम श्रेयस अय्यर की कप्तानी में आईपीएल 2024 में उतरेगी तो स्टार्क से उसी प्रकार के बेहतर फॉर्म की उम्मीद करेगी। स्टार्क निचले क्रम में अच्छी बल्लेबाज भी करते हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम 10 अर्धशतक हैं। स्टार्क का टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा स्कोर 99 है और केकेआर ने भी उन्हें आईपीएल नीलामी में 99वीं बोली लगाकर ही जीता था। 89 टेस्ट और 121 वनडे मैच खेल चुके मिचेल स्टार्क का ऑस्ट्रेलियाई टीम बड़े ही रणनीतिक तरीके से इस्तेमाल करता है।

# पंत का कमबैक टीम के लिए बेहद खास अक्षर पटेल

**चंडीगढ़।**

आईपीएल 2024 का आगाज होने वाला है। इस सीजन में कुछ ऐसे नाम हैं जिनके कमबैक का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसमें सबसे बड़ा नाम ऋषभ पंत का है, जो एक खतरनाक कार एक्सीडेंट और लंबे ब्रेक के बाद मैदान पर वापसी करेंगे। भारतीय टीम का ये स्टार विकेटकीपर–बल्लेबाज अब पूरी तरह फिट है और आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व करते हुए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार भी है।

इस बीच ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने अपने खास दोस्त की वापसी पर खुशी व्यक्त की और कहा, एक बार फिर टीम में उनके आने से हंसी–मजाक और मौज–मस्ती शुरू हो गई, जिसकी शायद पिछले साल बहुत कमी खली थी। दिल्ली कैपिटल्स सीजन का पहला मैच पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी, जिसके लिए टीमें चंडीगढ़ पहुंच चुकी हैं। अक्षर ने दिसंबर 2022 में एक जानलेवा कार दुर्घटना में कई चोटों से उबरने के 14 महीने बाद पंत की वापसी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि हर किसी ने कहा होगा कि टीम में उसका वापस आना बहुत अच्छा है, लेकिन व्यक्तिगत रूप से, मैंने उसे बहुत याद किया, पिछले साल मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह हमारी नोक–झोंक को मैंने काफी मिस किया। लेकिन, अब जब वह वापस आ गया है, तो खेल को लेकर गंभीर बातचीत के साथ–साथ हंसी–मजाक भी शुरू हो चुका है। मैं इस सीजन में उसके साथ और अधिक मौज–मस्ती करने की उम्मीद कर रहा हूं। 30 वर्षीय ऑलराउंडर ने आईपीएल के 17वें संस्करण में टीम के दृष्टिकोण पर भी बात की। अक्षर ने कहा कि हर कोई अपने–अपने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। टीम में बहुत अच्छा माहौल है। हमारे शुरुआती मैच से पहले विशाखापत्तनम में हमारे पास अच्छे प्रशिक्षण सत्र थे। अक्षर पटेल ने कहा, यह एक नया सीज़न है, हम नए सिरे से शुरुआत कर रहे हैं। मुख्य रूप से कोचों के साथ बातचीत, योजनाएं बनाना और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि टूर्नामेंट में चीजों को कैसे सरल रखा जाए, इस पर खूब चर्चा हो रही है।



# भारतीय अंडर-23 फुटबॉल सीनियर मलेशिया से दो अभ्यास मैच खेलेगी, सीनियर टीम से प्रेरणा ले : कोच

**नई दिल्ली** ।

भारतीय अंडर–23 फुटबॉल टीम को 22 और 25 मार्च को कुआलालंपुर में दो अभ्यास मैचों में मलेशिया का सामना करना है। इसके लिए टीम यहां शिविर में तैयारियों में लगी है। इसी दौरान टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने कहा है कि खिलाड़ियों को सीनियर टीम से प्रेरणा लेते हुए उसी अनुसार खेलने का प्रयास करना चाहिये। कोच के अनुसार जूनियर खिलाड़ियों को भी अपने लक्ष्य तय करन चाहिये जिससे उन्हें सीनियर टीम में आने के बाद खेलने में कोई परेशानी न हो। मूसा ने कहा, 'हमारे लिए यह देखना अहम है कि सीनियर टीम क्या चाहती है और हमें इसी के अनुसार खेलना चाहिए। ये ही खिलाड़ी अंत में सीनियर टीम में जायेंगे और खेलेंगे। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए इस समय सबसे महत्वपूर्ण चीज लड़कों को यह बताना है कि हम किस तरह से खेलना चाहते हैं ताकि वे मैदान पर इसी तरह का खेल दिखा सकें। अभ्यास मैचों के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है।

**भारतीय टीम इस प्रकार है :** गोलकीपर : अर्श अनवर शेख, प्रभसुखन सिंह गिल और विशाल यादव।

**डिफेंडर :** विकास युमनाम, चिंगंबम शिवाल्डो सिंह, होर्मिपम रुइवा, नरेंद्र, रॉबिन यादव और संदीप मंडी।

**मिडफील्डर :** अभिषेक सूर्यवंशी, ब्रिसन फर्नांडिस, मार्क जोथनपुइया, मोहम्मद ऐमेन, फिजाम सनाथोई मीतेई, थोइबा सिंह मोइरांगथेम और विबिन मोहनन।

**फॉरवर्ड :** अब्दुल रबीह, गुरकीरत सिंह, इरफान यदवाड, इसाक वनलालरुआतफेला, खुमानथेम मीतेई, मोहम्मद सानन, पार्थिब सुंदर गोगोई, समीर मुर्मू, शिवशक्ति नारायणन और विष्णु पुथिया वलप्पिल।

# भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ खासे सफल रहे क्लार्क और कुक

**नई दिल्ली** ।

ऑस्ट्रेलिया के माइकल क्लार्क और इंग्लैंड के एलिस्टर कुक भारतीय टीम के खिलाफ बल्लेबाजी में खासे सफल रहे हैं। इन दोनो ही बल्लेबाजों ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत भारत के खिलाफ करने के साथ ही शतक लगाया। भारत के खिलाफ अपने अंतिम टेस्ट में भी इन दोनों ने शतक लगाया। ये संयोग की बात है कि इन दोनों ही बल्लेबाजों ने अपना सर्वोच्च टेस्ट स्कोर भी टीम इंडिया के खिलाफ बनाया। टेस्ट करियर के ओवरऑल बल्लेबाजी से ज्यादा औसत इन्होंने भारत के खिलाफ दर्ज किया। इन दोनों ही क्रिकेटरों का करियर करीब 12 साल का रहा है।





दोनों बल्लेबाजों में माइकल क्लार्क का करियर पहले शुरू हुआ। अक्टूबर 2004 में बेंगलुरू में इन्होंने भारत के खिलाफ अपना पहला टेस्ट खेला और अपनी पहली पारी में ही 248 गेंदों पर 18 चौकों और चार छक्कों की मदद से 151 रन बनाये। इसी प्रकार बाएं हाथ के ओपनर एलिस्टर कुक ने भी अपना टेस्ट डेब्यू भारत के खिलाफ मार्च 2006 में नागपुर में किया। टेस्ट की पहली पारी में 60 रन बनाने के बाद उन्होंने दूसरी पारी में नाबाद 104 रन (बनाए थे। क्लार्क ने भारत के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट दिसंबर 2014 में एडिलेड में खेला और इसमें पहली पारी में 128 रन बनाये। वहीं कुक की बात करें तो उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट भारत के खिलाफ दिसंबर 2018 में ओवल में खेला था। टेस्ट को यादगार बनाते हुए उन्होंने पहली पारी में 71 और दूसरी पारी में 147 रन बनाये थे।

क्लार्क और कुक, दोनों ने टेस्ट का अपना सर्वोच्च स्कोर भारत के खिलाफ ही बनाया था। क्लार्क ने टेस्ट क्रिकेट में एक तिहरा शतक भी लगाया है। यह भारत के खिलाफ जनवरी 2012 में सिडनी टेस्ट में बना था। मैच में क्लार्क ने ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी भी की थी। उन्होंने नाबाद 329 रन बनाए थे। कुक भी भारत के खिलाफ तिहरा शतक बनाने के बहुत करीब पहुंच गए थे। दुर्भाग्यवश उन्हें 294 के स्कोर पर आउट होना पड़ा था। क्लार्क और कुक ने जिस टेस्ट में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया था, उन दोनों में टीम इंडिया को पारी के अंतर से हार मिली थी। क्लार्क ने 115 टेस्ट के अपने करियर में भारत के खिलाफ 22 टेस्ट में 53.92 के औसत से 2049 रन बनाए जिसमें 7 शतक शामिल हैं। वहीं कुक की बात करें तो उन्होंने भारत के खिलाफ उन्होंने 30 टेस्ट में 7 शतक की मदद से 2431 रन बनाए हैं और उनका औसत 47.66 का है।

### रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे केशव महाराज

**नई दिल्ली**। आईपीएल के 17वें सीजन से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स कैंप से जुड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर केशव महाराज अयोध्या पहुंचे और राम लला के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की। बाएं हाथ के अफ्रीकी स्पिनर ने सोशल मीडिया पर अयोध्या जाने की एक फोटो शेयर की, जो अब खूब वायरल हो रही है। केशव महाराज ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, जय श्री राम, सभी को आशीर्वाद। केशव महाराज आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ टीम के साथ प्रशिक्षण लेने के लिए तैयार हैं, लेकिन वह टीम के आधिकारिक सदस्य नहीं होंगे। दिसंबर 2023 में हुई आईपीएल नीलामी में महाराज पर किसी भी टीम ने बोली नहीं लगाई थी। उसके बाद हाल ही में लखनऊ ने एक बयान में कहा था कि केशव महाराज उनकी आधिकारिक टीम का हिस्सा नहीं होंगे, लेकिन पूरे सीजन उनके साथ रहेंगे। इससे पहले, महाराज ने 22 जनवरी को राम मंदिर के अभिषेक से पहले इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने कहा था, अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का इंतजार कर रहा हूं। यह सभी के लिए शांति और ज्ञान लाए। लखनऊ अपने आईपीएल 2024 सीजन की शुरुआत 24 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगा।

# अनार का जूस करता है हार्ट अटैक और स्ट्रोक के खतरे को कम



गर्मी के मौसम में शरीर में संतुलित भोजन जरूरी है। थोड़ी सी लापरवाही स्वास्थ पर बुरा प्रभाव डाल सकती है। ऐसे में अनार का जूस कई तरह से फायदेमंद है। इसमें आयरन, विटामिन आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं जो एनिमिया, अलजाइमर आदि रोगों में लाभदायक है। खासकर गर्भवती महिलाओं के लिए अनार का जूस काफी फायदेमंद है। नियमित सेवन से मां एवं बच्चे दोनों स्वस्थ रहते है। यही नहीं ये दिल से जुड़ी बीमारी वाले मरीजों के लिए भी फायदेमंद है। डॉ सीबी सिंह ने बताया अनार के ऐसे ही फायदों के बारे में।

अनार के जूस से हार्ट अटैक और स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है।

अनार खून में आयरन की मात्रा को बढ़ाता है। आयरन की कमी को दूर कर एनिमिया आदि रोगों से छुटकारा दिलाता है।

अनार के जूस से दांत संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिलती है

गर्भवती महिलाएं के लिए अनार का जूस फायदेमंद है। नियमित सेवन से बच्चा स्वस्थ होता है।

अनार के जूस से अधिक उम्र के लोगों को होने वाली अलजाइमर नामक रोग से भी छुटकारा मिलता है।

## पैदल चलने से दिल रहेगा स्वस्थ



आपने बड़े-बुजुर्गों को कहते सुना होगा कि पैदल चलना सेहत के लिए अच्छा होता है। हाल ही में हुए एक अध्ययन के अनुसार पैदल चलने से हृदयरोग, मोटापा, डायबिटीज की आशंका काफी कम हो जाती है। हमारी जीवनशैली में तेजी से बदलाव की वजह से आने वाले समय में हृदय संबंधी रोगों के बढ़ने की और आशंका है। इस अध्ययन के लिए वैज्ञानिकों ने करीब दो हजार लोगों की दिनचर्या पर लंबे समय तक नजर रखी।

**होम टिप्स**

# नमक के पानी से नहाने के हैं कई फायदे



ज्यादातर लोग नमक को सिर्फ खाने में ही प्रयोग करते हैं। लेकिन अगर थोड़ा-सा नमक पानी में मिलाकर इससे नहाया जाए तो शरीर को कई तरह के फायदे हो सकते हैं। इसमें मौजूद मैग्नीशियम, कैल्शियम, सोडियम जैसे मिनरल्स शरीर को इंफेक्शन से बचाते हैं। नमक के पानी में मौजूद तत्व फंगल इंफेक्शन बढ़ने से रोकते हैं। रोज इससे नहाने पर डैंड्रफ में काफी आराम मिलता है। एक नजर इसके फायदों पर

### अच्छी नींद आती है

नमक के पानी से नहाने पर थकान और स्ट्रेस दूर हो जाता है। इससे दिमाग को शांति मिलती है और रात में अच्छी नींद आती है।

### हेल्दी हो जाते हैं बाल

इसके पानी से नहाने पर `लड सर्कुलेशन अच्छा हो जाता है। साथ ही बालों के बैटीरिया भी खत्म होते हैं। इसलिए नमक के पानी से सिर धोने पर बाल हेल्दी और शाइनी हो रहते हैं। ध्यान रहे नमक की मात्रा संतुलित होनी चाहिए। इतना नमक न मिलाएं कि पानी खारा हो जाए।

### हड्डियों के दर्द में आराम

नमक के पानी से नहाने पर हड्डियों में होने वाले दर्द से राहत मिलती है। इससे ऑस्टियोऑर्थराइटिस और टेंडीनिटिस जैसी जॉइंट पेन की समस्या में आराम मिलता है।

### मसल्स पेन

नमक के पानी से नहाने पर मसल्स रिलैक्स हो जाती हैं। इससे मसल्स पेन की समस्या से राहत मिलती है।

### इंफेक्शन

नमक के पानी में भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम, कैल्शियम, सोडियम जैसे मिनरल्स होते हैं। ये स्किन के पोर्स में जाकर सफाई करते हैं। इससे स्किन इंफेक्शन का खतरा कम हो जाता है।

### असिडिटी

नमक के पानी में मौजूद तत्व शरीर का ऑयल लेवल कंट्रोल करते हैं। इससे असिडिटी की समस्या दूर करने में मदद मिलती है।

### फेयरनेस

नमक का पानी स्किन की डेड सेल्स को निकालने में मदद करता है। रोज इसके पानी से नहाएंगे तो स्किन सॉट और ग्लोइंग बनेगी। रंग भी खिलेगा

# गर्मियों में ऐसे करें अपने पशु की देखभाल



गर्मियों में पेट को खास केयर की जरूरत होती है। तपते मौसम में उसकी सेहत बनी रहे इसके लिए आपको कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। ये बहुत छोटी, पर बहुत जरूरी बाते हैं...

### गर्म कार में न बैठाएं

गर्मी के मौसम में कार के अंदर का टेंपरेचर बहुत हाई होता है। इसलिए पेट को कभी भी गर्म कार के अंदर या काफी देर से धूप में खड़ी हुई कार के अंदर न बैठाएं।

### कभी गाड़ी में न छोड़े

कार कहीं रोड साइड पर पार्क करके आप सोच रहे हैं कि आप अपना काम निपटाकर आ जाएंगे, इतनी देर आपका पेट गाड़ी में ही इंतजार कर लेगा। ...तो आप गलत सोच रहे हैं। ऐसा करना आपके पेट के हर्टस्ट्रोक का भी कारण बन सकता है। कई केस में उनके ऑर्गन भी फेल हो जाते हैं।

### वॉक के दौरान रखें ख्याल

अब सुबह जल्दी धूप हो जाती है और देर शाम तक धूप की तपिश का असर बना रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए अपने पेट की वॉक का टाइम बदल लें। अक्सर हम शू पहने हुए होते हैं और जमीन से निकलने वाली हीट को फील नहीं कर पाते और पेट को ऐसे ही घुमाने ले जाते हैं। यह हीट पेट की स्किन को झुलसा सकती है। कई बार उनके पैरों में जलन और दर्द कारण भी बन सकती है।

### अपने पेट के लिए आयोजित करें पार्टी

आपके परिचितों और दोस्तों के पास भी पेट होंगे। उनके साथ मिलकर आप सभी अपने पेट के लिए पूल पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। पूल पार्टी के आयोजन में इस बात का खास ध्यान रखें कि पानी में `लोरीन की मात्रा अधिक न हो। इस पानी से उन्हे पेट संबंधी दिक्कत हो सकती है। गर्मी में पेट को कूल रखने का एक तरीका वॉटर स्प्रे भी हो सकता है। स्प्रे बॉटल से हर घंटे उस पर थोड़ा पानी स्प्रे कर सकते हैं। इससे उसे राहत मिलेगी।

### थोड़ी-सी मानवता बढ़ा लें

क्योंकि आप पेट लवर हैं, तो उनकी जरूरतों को भी समझते हैं। अपने पेट का ख्याल तो आप रखते ही हैं, आपके घर के आस-पास दिखने वाले पेट्स को भी कभी-कभार ही सही कुछ खाने-पीने के लिए दे दिया करिए। ऐसा करने पर आपको खुशी और सुकून मिलेगा और एक जानवर को गर्मी में राहत मिलेगी। आजकल शहरों में सड़कों पर पानी की व्यवस्था नहीं होती। ऐसे में सड़कों पर घूमने वाले जानवर पानी के लिए परेशान रहते हैं।

### फूड के लिहाज से

गर्मी के मौसम इंसानों में को ही नहीं, जानवरों को भी गुस्सा जल्दी आता है। इरिटेट करने वाली समर में अपने पेट को नहलाते हुए हुए पानी में थोड़ी आइस मिला लें। दोपहर में अगर गर्मी अधिक हो तो उसके सिटिंग टब में आइस डाल दें। हमें आदत होती है कि जो भी खाते हैं, अपने पेट को भी खिलाते हैं। ध्यान रखें, अपने पेट को अंगूर न खिलाएं। अंगूर ह्यूमन बॉडी के लिए ही बेहतर होते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि पेट को इन्हें देने से बचना चाहिए। साथ ही चॉकलेट और प्याज भी अपने पेट को न दें।

# नाजुक होती है रिश्तों की डोर, जरा संभलकर चलें जनाब



रिश्तों का धागा बेहद नाजुक होता है. इसमें अगर जरा-सी भी उलझन आ जाए, तो ये फौरन टूटने लगता है. अकसर अपने अहम और व्यस्त शैडयूल के कारण हम इतना पीछे छूट जाते हैं कि अपनों के लिए समय ही नहीं मिल पता. ऐसे में एक दिन आता है जब हमारे सारे रिश्ते पीछे छूट जाते हैं और जीवन के एक पड़ाव के बाद हम अकेला महसूस करने लगते हैं. अगर आप चाहते हैं कि ये अकेलापन आपको महसूस न करना पड़ें, तो इन टिप्स को ट्राई जरूर करें.

अपने और अपने साथी के बीच कभी भी बातचीत और मुद्दों पर विचार-विमर्श की कमी न होने दें. आपस में बातचीत की कमी से दूरियां बढ़ती हैं जिससे रिश्तों की डोर कमजोर होने लग जाती है. ऐसे में बेहतर होगा कि आप अपने साथी के साथ हर मुद्दे पर एक बार विचार-विमर्श जरूर करें.

अपने साथी से कभी भी कोई बात छुपाएं नहीं, लेकिन हर बात को उनके सामने तरीके से पेश करें. किसी बात को अपने साथी के सामने इस तरह पेश न करें कि वो उसका गलत मतलब निकालने लगें और आप दोनों के बीच झगड़ा होने लगे. बेहद हल?के अंदाज से साथी के सामने अपनी बात रखें.

अपने साथी से ऐसी कोई भी अपेक्षा न करें, जिसे पूरा करने में वो सक्षम ही न हों. ये बात याद रखें कि किसी भी रिश्ते में जरुरत से ज्यादा अपेक्षाएं निराशा को जन्म देती हैं, जिसका नकारात्मक असर आपके रिश्ते पर पड़ता है.

अपने रिश्ते को इतना आजाद और मजबूत बनाएं कि उसमें आप हर बात को आसानी से साथी के सामने रख सकें. लेकिन ध्यान रखें कि इस आजादी का मतलब साथी का तिरस्कार करना नहीं है बल्कि सेमान करना है. गलती से भी कुछ ऐसा न करें जो आपके रिश्ते में दरार डाल दे. आपको अपने साथी के साथ रहना है, लेकिन अपने साथी पर दबाव नहीं डालना. साथी पर किसी ऐसे काम को लेकर दबाव न डालें जिसे वो ना करना चाहते हों. ऐसा करने पर उनके मन में आपके प्रति निराशा बढ़ेगी और रिश्ते में खटास आने लगेगी. साथी का प्यार-भरा स्पर्श हमेशा खुशी देने वाला होता है और इससे अच्छे रिश्ते की नींव बनती है. इसलिए अपने साथी की पसंद के बारे में जानकर उन्हें अच्छा महसूस करवाएं. मौका मिलने पर उनकी फेवरेट चीज उन्हें गिट करें, वे बेहद खुश हो जाएंगे.

रिश्ते में हंसी-मजाक और एक-दूसरे को छेड़ने की आदत को जगह जरूर दें. साथी के साथ खुलकर हंसना, अपने दिल की बात उनके सामने रखना और उन्हें ये अहसास दिलाना कि वे आपके लिए खास हैं, आपके रिश्ते में प्यार की मिठास घोलने के लिए बेहद जरूरी होता है.

**हेल्थ अलर्ट**

# ज्यादा आयरन की गोलियां खाना भी घातक



यूं तो शरीर में आयरन की कमी कई बीमारियों का जन्म देती है। लेकिन, अगर इसकी मात्रा अधिक हो जाती है, तो इसके परिणाम और भी ज्यादा चिंताजनक हो जाते हैं। डॉटर्स की मानें तो महिलाएं ज्यादातर आयरन की गोलियां खाती हैं। ताकि उनके शरीर में इसकी कमी को दूर किया जा सके। लेकिन जानकारी के अभाव में ये महिलाएं गोलियां खाती रहती हैं और एक समय बाद वे हीमोक्रोमाटोसिस बीमारी की शिकार हो जाती हैं, जिसमें लिवर डेमेज होने तक की स्थिति बन जाती है।

### क्या है हीमोक्रोमाटोसिस?

जब शरीर में आयरन यानी लौह तत्व जरूरी मात्रा से बहुत ज्यादा हो जाता है, तो हीमोक्रोमाटोसिस की स्थिति बन जाती है। आपके शरीर को हीमोग्लोबीन बनाने के लिए आयरन की जरूरत होती है। हीमोग्लोबीन आपके रक्त का वह हिस्सा है, जो सभी कोशिकाओं तक ऑसीजन पहुंचाता है। लेकिन जब शरीर में आयरन बहुत ज्यादा होता है, तो यह लीवर और हृदय को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है। डायबीटीज, ऑर्थराइटिस जैसी बीमारियां होने लगती हैं।

### लिवर पर सीधा असर

हीमोक्रोमाटोसिस की वजह से मरीज के सीधे लिवर पर असर पड़ता है। डॉटर्स की मानें तो निश्चित समय तक इसका उपचार नहीं होने की वजह से लिवर डेमेज होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए बीमारी के बारे में पता चलते ही तत्काल उपचार के लिए डॉटर के पास जाना चाहिए।

### लक्षण क्या हैं?

आमतौर पर 40 वर्ष की आयु से पहले इस बीमारी के लक्षण नजर नहीं आते। इसकी बड़ी वजह शरीर में अतिरिक्त आयरन का धीमी गति से इकट्ठा होना बताया जाता है। इसलिए डॉटर्स प्राथमिक लक्षणों पर ज्यादा जोर देते हैं। इनके मुताबिक-

- थकान
- कमजोरी
- जोड़ें में दर्द
- वजन कम होना
- पेशाब ज्यादा होना

रक्त जांच ही एक मात्र विकल्प

इस बीमारी के बारे में पता लगाने के लिए डॉटर सबसे पहले मरीज की केस हिस्ट्री पर नजर डालते हैं। इसके बाद वह `लड टेस्ट कराने की सलाह दी जाती है। इसी टेस्ट के माध्यम से शरीर में आयरन की मात्रा के बारे में सटीक जानकारी हासिल होती है। ज्यादातर मामलों में हीमोक्रोमाटोसिस एक जीन के कारण होता है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलता है। यह ऑटोसोमल रिसीसिव डिसऑर्डर है, जो माता-पिता से बच्चे को मिल सकता है। इसलिए आप `लड टेस्ट कराकर अपने बच्चों में इस रोग की उपस्थिति के बारे में भी जान सकते हैं।

### ऐसे कर सकते हैं बचाव

» शराब का सेवन न करें।
»हर रोज विटामिन सी वाले पदार्थों का 200 मिलीग्राम से ज्यादा सेवन न करें।
» ऐसे पोष्टिक तत्व और विटामिन न लें, जिनमें आयरन हो।
» आपको चाय या कॉफी पीनी चाहिए। कॉफी से भी ज्यादा चाय पीनी चाहिए।
» लोहे के बर्तन में बने भोजन का सेवन न करें।
» कच्चा सी फूड न खाएं, क्योंकि इनके बैक्टीरिया सीधा प्रभाव डाल सकते हैं।

# प्रेग्नेंसी में धुंआ उड़ाने से बच्चा हो सकता है छोटा



प्रेग्नेंसी में स्मोकिंग करने से बच्चे का साइज छोटा होता है। बच्चे का साइज छोटा होने पर लेबर पेन कम हो जाता है और लेबर पेन से बचने के लिए महिलाएं स्मोकिंग का सहारा लेती हैं। हाल ही ऑस्ट्रेलिया में स्मोकिंग पर हुई स्टडी में यह सामने आया। स्टडी में पाया गया कि लेबर पेन से बचने के लिए लड़कियां पहली सिगरेट ही प्रेग्नेंसी में पीती हैं। कई बार जो लड़कियां या महिलाएं सिगरेट कम पीती थीं, वो इस पीरियड के दौरान सिगरेट ज्यादा पीना शुरू कर देती हैं। सर गंगाराम हॉस्पिटल की प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. इंद्राणी गांगुली का कहना है कि प्रेग्नेंसी में स्मोकिंग करने से बच्चे की ग्रोथ पर असर पड़ता है और साइज छोटा हो जाता है। यह सही है। लेकिन इससे लेबर पेन कम होता है, यह मिथ है।

प्रेग्नेंसी में स्मोकिंग करना नुकसानदायक होता है। इससे `लड सर्कुलेशन प्रॉपर नहीं होने से लंग्स और हार्ट तक `लड नहीं पहुंच पाता है। कई बार तो प्लेसेंटा में भी `लड नहीं पहुंचने से प्लेसेंटा डिवेलप नहीं हो पाता है और उसका साइज छोटा रह जाता है। बच्चे का साइज छोटा होने से प्री-मैच्योर बेबी होने का रिस्क बढ़ जाता है। प्रेग्नेंसी में स्मोकिंग नहीं करें। लेबर पेन को कम करने के लिए अपनाई जाने वाली टेंनिक से रिलीफ नहीं मिलता है। उन्होंने बताया कि प्रेग्नेंसी के चार महीने होने के बाद गर्भ संस्कार पर फोकस किया जाना चाहिए।

इस पीरियड के बाद बच्चा गर्भ में रहते हुए सुनना शुरू कर देता है। वहीं, पेट पर दिया गया स्पर्श उसे याद रहता है। हाल ही में देखा गया कि 600 ग्राम का एक बच्चा आंखें नहीं खोल पा रहा था, लेकिन जब उसकी नानी ने उसे उसी नाम से पुकारा, जिससे वह प्रेग्नेंसी में पुकारती थी तो उसने आंखें खोलना शुरू कर दिया। पेट पर किया गया सिंपल टच भी वो फील करता है और पैदा होने के बाद भी उस टच को पहचान जाता है। इसलिए ऐसा माना जाता है कि जो पेरेंट्स गुस्सा करते हैं उनके बच्चे गुस्सैल, जो ड्रिंक करते हैं उनके बच्चों में बचपन से नशीलापन रहता है। जो मां बहुत ज्यादा स्ट्रेस में रहती है, उसके बच्चे भी स्ट्रेस वाले बनेंगे।

# घरेलू उपचार से दूर करें सेल्युलाईट ...



सेल्युलाईट की समस्या हर किसी को हो सकती है। यह समस्या महिलाओं में यौवन शुरू होने के साथ बढ़ जाती है। इसमें ज्यादातर महिलाओं के कूल्हे से नीचे के अंगो, पैर, गले और पेट पर होती है। जिसमें झल्लाहट सी महसूस होती है। अगर हम आपको इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए कुछ घरेलू तरीके बताएंगे।

### क्या है सेल्युलाईट?

सेल्युलाईट त्वचा की अंदर वसा की एक परत बना देता है, जो देखने में हल्का सूजा हुआ नारंगी की तरह लगता है। इसका समस्या के होने कारण फाइबर, तरल पदार्थ, रेत प्रवाह के बिगड़ना हो सकता है। यह समस्या केवल महिलाओं को ही नहीं बल्कि पुरूषों को भी होती है।

### सेल्युलाईट का कारण

सेल्युलाईट का सबसे बड़ा कारण आहार, जीवन शैली हार्मोन वृद्धि हो सकते है। तनाव, अधिक वजन, कई बायोटाइप रोग भी सेल्युलाईट की समस्या को जन्म देते है। अगर आप भी इस परेशानी से जल्द छुटकारा पाना चाहते है तो इन तरीको को अपनाएं।

### कॉफी

सेल्युलाईट से निजात दिलाने के लिए कॉफी सबसे अच्छा तरीका है। कॉफी शरीर को साफ करने का काम करती है। आप कॉफी और नारियल तेल से शरीर की मालिश करें। इससे त्वचा कसी रहती है और सेल्युलाईट की समस्या कम होती है।

### ड्राई ब्रशिंग

शॉवर लेने से पहले मसाज और एक्सफोलिएट के लिए आप ड्राई ब्रशिंग कर सकती है और इसके लिए आपको किसी क्रीम लोशन या स्क्रब की जरूरत नही पड़ेगी बस एक शुष्क ब्रश आपको सेल्युलाईट छुटकारा दिला सकता है।

### नारियल तेल, कॉफी और समुद्री नमक

6 चेमच नारियल तेल में 3 बड़े चेमच समुद्री नमक और 1 कप कॉफी का मिचर तैयार लें। इस पैक को अधिक समय तक सुरक्षित करने के लिए इस पैक को फ्रिज में रख सकती है। इसके पैक को नहाने से पहले प्रभावित जगह पर लगाएं और स्क्रब करें।

### जैतून का तेल और ग्लिसरीन

इसका पैक बनाने के लिए 2-3 बड़े चेमच जैतून तेल, 1 चेमच चीनी, विटामिन ई तेल के 2 चेमच, आधा कप कॉफी और 1 चेमच ग्लिसरीन का लेकर पेस्ट बना लें। अब इस पैक को सेल्युलाईट क्षेत्रों पर लगाने के लिए पहले गर्म पानी से स्नान करें उसके बाद कुछ-कुछ मिनटों के लिए गोलाकार गति में मालिश करके धो लें। स्क्रब हुई जगह को प्लास्टिक की चादर से कवर कर लें और लगभग 10 मिनट के बाद ही उसको हटाए। साथ ही अधिक जानकारी के लिए अपने डॉटर से संपर्क करना न भूलें।

**रेसिपी**

## स्पाईसी बाजरा पराठा



### सामग्री

1 कप बाजरा का आटा, 2 टेबल-स्पून गेहूं का आटा, नमक स्वादअनुसार, बाजरा का आटा , बेलने के लिए, 3 टी-स्पून तेल , पकाने के लिए, मिलाकर भरवां मिश्रण बनाने के लिए ,3/4 कप चूरा किया हुआ लो फैट पनीर, 1/2 कप बारीक कटी हुई मेथी, 3/4 कप बारीक कटे हुए टमाटर, 2 टी-स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च, नमक स्वादअनुसार, परोसने के लिए : लो-फैट दही

### विधि

भरवां मिश्रण को 6 बराबर भाग में बांटकर एक तरफ रख दें। बाजरे का आटा, गेहूं का आटा और नमक को एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें और जरुरत मात्रा में गरम पानी का प्रयोग कर नरम आटा गूंथ लें। आटे को 6 बराबर भाग में बांटकर एक तरफ रख दें। थोड़े सूखे बाजरे आटा का प्रयोग कर, आटे के एक भाग को 125 मिमी (5) व्यास के गोल आकार में बेल लें। रोटी के आधे भाग में, भरवां मिश्रण के एक भाग को रखकर, चंद्राकार में मोड़ लें। एक नॉन-स्टिक तवा गरम करें, और 1/2 टी-स्पून तेल का प्रयोग कर पराठे के दोनो तरफ सुनहरे दाग पड़ने तक पका लें। दोहराकर 5 और पराठे बना लें। लो-फैट दही के साथ तुरंत परोसें।

## चटपटा दहीवाला ब्रेड



### सामग्री

5 ब्रेड स्लाईस , टुकड़ो में कटे हुए, 1/2 कप दही, 1/4 टी-स्पून हल्दी पाउडर, 1/2 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, नमक स्वादअनुसार, 1/2 टी-स्पून ज़ीरा, 1/4 टी-स्पून हींग, 3 - 4 कड़ी पत्ता, 1/2 टी-स्पून कसा हुआ अदरक, 1/4 कप पतले स्लाईस्ट प्याज, 2 टेबल-स्पून तेल, सजाने के लिए, 1 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया

### विधि

एक बाउल में 2 दही, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक को 2 टेबल-स्पून पानी के साथ अच्छी तरह मिला लें। ब्रेड के टुकड़े डालकर अच्छी तरह मिला लें। एक तरफ रख दें। एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में तेल गरम करें और जीरा डाले। जब बीज चटकने लगे, हींग, कड़ी पत्ता और अदरक डालकर मध्यम आंच पर कुछ सेकेन्ड तक भून लें। प्याज़ के स्लाईस डालकर मध्यम आंच पर 1 से 2 मिनट तक या उनके हल्के सुनहरे होने तक भून लें। ब्रेड का मिश्रण डालकर धीमी आंच पर 1 से 2 मनट या ब्रेड के सुनहरा होने तक, बीच-बीच में हिलाते हुए भुन लें। धनिया से सजाकर गरमा गरम परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)